■ मार्गशीर्ष शुक्ल - 8 ■ संवत 2081 ■ वर्ष - 20 ■ अंक - 135 ■ पृष्ठ - 8 ■ रु. 5/- बेंगलूरु » सोमवार » 09-12-2024 ■ www.dakshinbharat.com ■ Email : news@dakshinbharat.com



# दक्षिण भारत राष्ट्रमत

ದಕ್ಷಿಣ ಭಾರತ ರಾಷ್ಟ್ರಮತ | ಹಿಂದಿ ದಿನ ಪತ್ರಿಕೆ | बेंगलूरु और चेन्नई से एक साथ प्रकाशित



5 भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा : धर्मेंद्र प्रधान

6 बांग्लादेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिशें।

7 अनन्या पांडे यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

## फर्स्ट टेक

### तमिलनाडु विधानसभा की बैठक नौ दिसंबर को

**चेन्नई/भाषा।** तमिलनाडु विधानसभा की बैठक सोमवार को होगी और इसके साथ ही विधानसभा के संक्षिप्त सत्र की शुरुआत होगी। इसमें एक प्रस्ताव पारित करके केंद्र सरकार से मदुरै जिले में 'हिंदुस्तान जिंक लिमिटेड' को दिए गए टंगस्टन खनन के अधिकार को रद्द करने का आग्रह किया जाएगा। हालांकि विपक्ष के नेता और एआईएडीएमके प्रमुख एडप्पाडी के. पलानीस्वामी ने पहले ही द्रमुक सरकार पर चक्रवात फेंगल के कारण हुई भारी बारिश और उसके कारण हुए नुकसान के बाद की स्थिति से निपटने के तरीकों जैसे मुद्दों को लेकर निशाना साध चुके हैं, लेकिन सदन में हंगामे के आसार हैं। एक बयान के अनुसार राज्य सरकार एक प्रस्ताव लाएगी जिसमें केंद्र सरकार से आग्रह किया जाएगा कि वह हिंदुस्तान जिंक को दिए गए टंगस्टन के खनन के अधिकारों को तुरंत रद्द करे तथा संबंधित राज्य सरकार की सहमति के बिना ऐसे अधिकार देने पर विचार न करे।

### तेलंगाना में महिला ने अपने तीन नाबालिग बेटों को कथित तौर पर बेचा

**हैदराबाद/भाषा।** तेलंगाना के निजामाबाद जिले में एक महिला ने जुड़वां बच्चों समेत अपने तीन नाबालिग बेटों को कथित तौर पर बेच दिया। पुलिस ने रविवार को यह जानकारी दी। पुलिस ने बताया कि तीनों बच्चों की आयु पांच से सात वर्ष के बीच है और सभी को बचा लिया गया है। अरमूर पुलिस थाने के एक पुलिस अधिकारी ने बताया कि महिला ने लगभग 10 महीने पहले अपने एक बच्चे को और बाद में दो अन्य बच्चों को एक से दो लाख रुपये में तीन अलग-अलग व्यक्तियों को कथित तौर पर बेच दिया था। पुलिस ने महिला और बच्चों को खरीदने वालों के खिलाफ मामला दर्ज कर लिया है। इस सिलसिले में जांच जारी है।

### बांग्लादेश के चटगांव में चिन्मय कृष्ण दास, उनके समर्थकों के खिलाफ मामला दर्ज

**ढाका/भाषा।** बांग्लादेश के चटगांव में अदालत परिसर में पुलिस और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास के समर्थकों के बीच झड़प के मामले में रविवार को एक प्राथमिकी दर्ज की गई। मीडिया में आई खबर में यह जानकारी दी गई है। 'ढाका ट्रिब्यून' समाचार पत्र की खबर में बताया गया है कि रविवार को दर्ज मामले में, राजद्रोह के आरोप में गिरफ्तार दास को मुख्य आरोपी जबकि शिनाख्त किये गए 164 व्यक्तियों और 400 से 500 अज्ञात लोगों को आरोपी बनाया गया है। व्यापारी और हिफाजत-ए-इस्लाम बांग्लादेश के कार्यकर्ता इनामुल हक ने चटगांव मेट्रोपोलिटन मजिस्ट्रेट मोहम्मद अबू बकर सिद्दीकी की अदालत में शिकायत दायर की थी।

09-12-2024 सूर्यास्त 5:53 बजे | 10-12-2024 सूर्योदय 6:31 बजे

| BSE | NSE |
|---|---|
| 81,709.12 | 24,677.80 |
| (-56.74) | (-30.60) |

| सोना | चांदी |
|---|---|
| 7,981 रु. | 90,517 रु. |
| (24 कैरेट) प्रति ग्राम | प्रति किलो |

### मिशन मंडेला

दक्षिण भारत राष्ट्रमत

दक्षिण भारत का लोकप्रिय हिन्दी दैनिक

epaper.dakshinbharat.com



कैलाश मण्डेला, मो. 9828233434

#### आशंकित वे

जो भरे हुए हैं वहमों से,
उनको कैसे समझाएं हम।
हो गए बेसुरे गायक तो,
कैसे पकड़ाएं उनको सम।
उनसे अब क्या उम्मीद करें,
ना बचा कोई जिनमें दमखम।
जिनके मन में बस नफरत है,
आशंकित रहते वे हरदम।।

# सीरिया की असद सरकार गिरी

## असद परिवार के 50 साल के शासन का अप्रत्याशित अंत, सीरियाई लोगों ने जश्न मनाया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**बेरूत/एपी।** सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घुसने और राष्ट्रपति बशर-अल असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का रविवार तड़के अप्रत्याशित अंत हो गया और लोगों ने सड़कों पर उतरकर जश्न मनाया तथा खुशी में हवा में गोलियां भी चलाईं। दमिश्क में चौराहों पर खुशी से भरी भीड़ इकट्ठा हुई और सीरियाई क्रांतिकारी ध्वज लहराया जिससे 'अरब स्प्रिंग' विद्रोह के शुरुआती दिनों की याद ताजा हो गई।

राष्ट्रपति असद और अन्य शीर्ष अधिकारियों की कोई खबर न होने के बाद अनेक लोगों ने राष्ट्रपति भवन और असद परिवार के आवास में तोड़फोड़ की।

### असद ने शांतिपूर्वक देश छोड़ दिया : रूस

असद के करीबी सहयोगी रहे रूस ने कहा कि असद ने विद्रोही समूहों के साथ बातचीत के बाद देश छोड़ दिया और शांतिपूर्वक सत्ता हस्तांतरण के निर्देश दिए थे।

वर्षों पहले अलकायदा से नाता तोड़ने वाला अबू मोहम्मद अल-गोलानी सबसे बड़े विद्रोही गुट का नेता है और वह अब देश के भविष्य की दिशा तय करने के लिए तैयार हैं। अलकायदा से अलग होने के बाद वह बहुलवाद और धार्मिक सहिष्णुता को महत्व देने की बात कहता रहा है।

### 'इस्लामी राष्ट्र की जीत' : विद्रोही गुट का नेता



**दमिश्क/एपी।** सीरिया में राष्ट्रपति बशर असद की सरकार का पतन होने के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए सबसे बड़े विद्रोही गुट के नेता ने इसे ''इस्लामी राष्ट्र की जीत'' बताया। राजधानी दमिश्क के उपनगरीय इलाकों में शनिवार को विद्रोही लड़ाकों के प्रवेश के बाद पहली बार सार्वजनिक रूप से सामने आए अबू मोहम्मद अल-गोलानी ने राजधानी की विशाल उमय्यद मस्जिद का दौरा किया। गोलानी ने अपने उपनाम अहमद अल-शरा का उल्लेख करते हुए सैकड़ों लोगों से कहा कि असद ने सीरिया को 'लालची ईरान का चारागाह' बना दिया था।

### सीरिया के लोग बिना विदेशी हस्तक्षेप के अपना भविष्य खुद तय करें: ईरान

असद के शासन का अंत ईरान और उसके सहयोगियों के लिए एक बड़ा झटका है, जो पहले से ही इजराइल के साथ एक साल से अधिक संघर्ष के कारण कमजोर हो गए हैं।

पूरे गृहयुद्ध के दौरान असद का पुरजोर समर्थन करते रहे ईरान ने कहा कि सीरियाई लोगों को विनाशकारी विदेशी हस्तक्षेप के बिना अपने देश का भविष्य तय करना चाहिए। विद्रोहियों को अब युद्ध से तबाह और अब भी विभिन्न सशस्त्र गुटों में विभाजित देश की व्यवस्था को दुरुस्त करने की कठिन चुनौती का सामना करना पड़ रहा है। तुर्किये से समर्थन प्राप्त विपक्षी लड़ाके उत्तर में अमेरिका-संबद्ध कुर्द बलों से लड़ रहे हैं, और इस्लामिक स्टेट समूह अब भी कुछ दूरदराज के इलाकों में सक्रिय है। सीरियाई सरकारी टैलीविजन चैनल ने कुछ विद्रोहियों के एक समूह का वीडियो बयान प्रसारित किया जिसमें वे यह कहते नजर आए कि राष्ट्रपति बशर असद को सत्ता से बाहर कर दिया गया है और जेल में बंद सभी कैदियों को रिहा कर दिया गया है।

### सीरिया में सभी भारतीय सुरक्षित : सरकारी सूत्र

**नई दिल्ली/भाषा।** सीरिया में सभी भारतीय नागरिक सुरक्षित हैं। यह जानकारी सरकारी सूत्रों ने रविवार को दी। सरकारी सूत्रों ने यह जानकारी इस्लामी विद्रोहियों द्वारा सीरियाई राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल करने के कुछ घंटे बाद दी। सूत्रों ने कहा कि दमिश्क में भारतीय दूतावास अभी भी काम कर रहा है। सूत्रों ने कहा कि दूतावास सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और वे सुरक्षित हैं। उन्होंने कहा कि दूतावास सीरिया में भारतीय नागरिकों की सहायता के लिए उपलब्ध है। आधिकारिक आंकड़े के अनुसार, सीरिया में लगभग 90 भारतीय नागरिक हैं, जिनमें 14 ऐसे हैं जो संयुक्त राष्ट्र के विभिन्न संगठनों में काम कर रहे हैं। एक सूत्र ने कहा, ''हमारा दूतावास सीरिया के दमिश्क में काम करना जारी रखे हुए है। दूतावास सभी भारतीय नागरिकों के संपर्क में है और वे सुरक्षित हैं।''

## सीरियाई क्षेत्र में 14 किलोमीटर अंदर तक घुसी इजरायली सेना

**तेल अवीव/दमिश्क/एजेन्सी।** इजरायली सेना सीरियाई क्षेत्र में रविवार को 14 किलोमीटर अंदर तक घुस गयी है।

इजरायली मीडिया ने आज यह जानकारी दी। इजरायल के प्रधानमंत्री बेंजामिन नेतन्याहू ने रविवार को गोलान हाइट्स की यात्रा के दौरान कहा,इजरायल सीरिया में हो रहे घटनाक्रम पर बारीकी से नजर रखेगा और इजरायल की सीमाओं तथा सुरक्षा की रक्षा के लिए हरसंभव प्रयास करेगा। उन्होंने कहा कि इजरायल सीरिया में रहने वाले सभी लोगों के साथ अपनी अच्छी पड़ोस नीति के प्रति प्रतिबद्ध रहेगा। उन्होंने कहा,हम अच्छी पड़ोस की नीति को जारी रख रहे हैं, जिसे हमने तब लागू किया था, जब हमने यहां (गोलान हाइट्स) एक फील्ड अस्पताल खोला था, जिसने गृहयुद्ध में घायल हजारों सीरियाई लोगों को सहायता प्रदान की गै। सैकड़ों सीरियाई बच्चे यहां, इजरायल में पैदा हुए हैं। इसी तरह हम सीरिया में अपनी सीमा से परे सभी लोगों के लिए शांति का हाथ बढ़ाते हैं। ड्रूज, कुर्द, ईसाई और उन मुसलमानों के लिए जो इजरायल के साथ शांति से रहना चाहते हैं।

इजरायली रक्षा मंत्री इजरायल कैट्ज ने रविवार को कहा कि इजरायली सेना ने कब्जे वाले गोलान हाइट्स में इजरायली बस्तियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए सीरिया के साथ सीमा पर बफर जोन पर नियंत्रण कर लिया है। कैट्ज ने कहा, प्रधानमंत्री (नेतन्याहू) और मैंने मंत्रिमंडल की मंजूरी से आईडीएफ को बफर जोन और प्रमुख स्थानों पर कब्जा करने का आदेश दिया, ताकि गोलान हाइट्स पर स्थित सभी इजरायली बस्तियों – यहूदी और ड्रूज – की सुरक्षा सुनिश्चित की जा सके।

### आकर्षण



शीतकालीन सत्र : बेलगावी में सोमवार से शुरू होने वाले 10 दिवसीय शीतकालीन सत्र के पहले रविवार रात को रंगबिरंगी रोशनी से सराबोर स्वर्ण सौधा। इन दिनों बेलगावी स्वर्णसौधा शहर के लिए मुख्य आकर्षण का केन्द्र बनी हुई है।

## विकसित भारत अब सपना नहीं, लक्ष्य है : उपराष्ट्रपति

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**चंडीगढ़/भाषा।** उपराष्ट्रपति जगदीप धनखड़ ने रविवार को कहा कि विकसित भारत अब सपना नहीं, बल्कि लक्ष्य है जिसे भगवद्गीता के संदेश को ध्यान में रखते हुए नागरिकों के सामूहिक प्रयासों से हासिल किया जाना है। उन्होंने लोगों को उन ताकतों के बारे में भी आगाह किया जो भारत को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं।

धनखड़ ने कहा, ''हमने 2047 में विकसित भारत का रास्ता चुना है। विकसित भारत अब सपना नहीं, बल्कि हमारे सामने एक लक्ष्य है। इसे हासिल करने के लिए हमें गीता के संदेश को ध्यान में रखना होगा...जैसे अर्जुन अपने लक्ष्य पर केंद्रित था, हमें वही दृष्टि, वही दृढ़ संकल्प, वही एकाग्रता रखनी होगी।''


हरियाणा के कुरुक्षेत्र में अंतरराष्ट्रीय गीता महोत्सव के दौरान एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुए उपराष्ट्रपति ने कहा कि उनके मन में कोई संदेह नहीं है कि विकसित भारत का लक्ष्य देश के लोगों के सामूहिक प्रयासों से 2047 तक या उससे भी पहले हासिल कर लिया जाएगा। उन्होंने पिछले कुछ वर्षों में भारत द्वारा की गई तेज प्रगति के बारे में चर्चा की और आशा जताई की देश, जो वर्तमान में विश्व की पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था है, शीघ्र ही जर्मनी और जापान को पीछे छोड़ देगा।

उपराष्ट्रपति ने लोगों को आगाह करते हुए कहा कि देश और विदेश में कुछ ताकतें हैं, जो धन-बल के आधार पर और तंत्र का इस्तेमाल करके भारत और इसकी अर्थव्यवस्था को नुकसान पहुंचाना चाहती हैं तथा इसकी संस्थाओं को पंगु बनाना चाहती हैं।

धनखड़ ने कहा, ''उनकी कुत्सित मंशा, घातक उद्देश्य हमारी संवैधानिक संस्थाओं को कलंकित और कमजोर करना तथा हमारे विकास की गति को बाधित करना है। ऐसी ताकतों को अब नजरअंदाज नहीं किया जा सकता है।'' उन्होंने कहा, ''हमारी संस्कृति कहती है कि ऐसे मौके आते हैं जब ऐसी ताकतों को कुचलना पड़ता है... और हम यह सब गीता से समझते हैं।'' उपराष्ट्रपति ने कहा, ''मैं यह संदेश देना चाहता हूं कि हमारे लिए राष्ट्र सर्वोपरि है।

## ईरान, इजराइल के बीच संबंध या इसका ना होना चिंता का विषय : जयशंकर

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com




**मनामा/भाषा।** विदेश मंत्री एस जयशंकर ने रविवार को कहा कि इजराइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी अनुपस्थिति चिंता का विषय है तथा भारत के कुछ कूटनीतिक प्रयास इस पहलू पर केंद्रित हैं।

बहरीन में 'मनामा डायलॉग' में अपने संबोधन में जयशंकर ने लाल सागर में हूती चरमपंथियों द्वारा वाणिज्यिक जहाजों पर हमलों का सीधे तौर पर उल्लेख किए बिना कहा कि भारत सुरक्षा स्थिति को ठीक करने में रुचि रखता है।

शनिवार को बहरीन की दो दिवसीय यात्रा पर आए जयशंकर ने विभिन्न मुद्दों पर चर्चा की, जिनमें संघर्षों को और फैलने से रोकना, प्रमुख संपर्क परियोजनाओं का महत्व और क्षेत्र में सुरक्षा स्थिति में सुधार की आवश्यकता शामिल है। उन्होंने कहा, ''हालिया समय में, हम सभी के लिए इजराइल और ईरान के बीच संबंध या इसकी (संबंध की) अनुपस्थिति विशेष रूप से चिंता का विषय रही है। इसलिए हमारे कुछ कूटनीतिक प्रयास उस विशेष पहलू पर केंद्रित रहे हैं।''

जयशंकर ने कहा कि पिछले कुछ महीनों में ईरान और इजराइल के बीच बढ़ते तनाव को लेकर वैश्विक चिंताएं बढ़ी हैं।

अक्टूबर में, ईरान ने हिज्बुल्ला प्रमुख हसन नसरल्ला और लेबनानी चरमपंथी संगठन के अन्य कमांडरों की हत्या के जवाब में इजराइल पर लगभग 200 मिसाइलें दागी थीं। इसके बाद इजराइल ने ईरानी हमलों का जवाब दिया था।

भारत के लिए पश्चिम एशिया के महत्व के बारे में बात करते हुए विदेश मंत्री ने देश की सतत आर्थिक वृद्धि को भी रेखांकित किया। उन्होंने कहा, ''भारत आज लगभग 4,000 अरब अमेरिकी डॉलर की अर्थव्यवस्था वाला देश है, (और) हमें उम्मीद है कि इस दशक में यह आसानी से दोगुना हो जाएगा। हमारा व्यापार आज लगभग 800 अरब अमेरिकी डॉलर का है। यह भी इस दशक में कम से कम दोगुना हो जाना चाहिए।''

जयशंकर ने लाल सागर में स्थिति का भी उल्लेख किया और कहा कि सुरक्षा, रणनीतिक क्षेत्रीय सहयोग के लिए एक महत्वपूर्ण क्षेत्र है। उन्होंने कहा, ''और इस क्षेत्र में हमारे सामने बहुत बड़ी सुरक्षा चुनौतियां हैं, जिनका एशिया में व्यापार पर बहुत गहरा और नुकसानदेह प्रभाव पड़ा है।''

लाल सागर में अस्थिर स्थिति को देखते हुए, माल की खेपों को अन्य मार्गों से भेजा गया, जिससे परिवहन की लागत काफी बढ़ गई।

विदेश मंत्री ने इस क्षेत्र में भारत की नौसैन्य उपस्थिति के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा, ''वास्तव में इस क्षेत्र में अदन की खाड़ी, सोमालिया, उत्तरी अरब सागर में हमारी नौसेना की उपस्थिति रही है।

## ट्रंप ने यूक्रेन में 'तत्काल युद्ध विराम' का आह्वान किया

**वाशिंगटन/एपी।** अमेरिका के नवनिर्वाचित राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने रविवार को यूक्रेन में तत्काल युद्ध विराम का आह्वान किया। ट्रंप ने फ्रांस की राजधानी पेरिस में फ्रांसीसी और यूक्रेन के नेताओं के साथ सप्ताहांत की बैठक के बाद संघर्ष विराम का प्रस्ताव रखा तथा सोशल मीडिया पोस्ट में दावा किया कि कीव 1,000 दिनों से अधिक समय से जारी युद्ध को समाप्त करने के लिए ''एक समझौता करना चाहेगा''। रूसी राष्ट्रपति भवन 'क्रेमलिन' ने कहा कि वह बातचीत के लिए तैयार है, जबकि यूक्रेन के राष्ट्रपति वोलोदिमीर जेलेंस्की ने कहा कि किसी भी समझौते से स्थायी शांति का मार्ग प्रशस्त होना चाहिए। अपने 'ट्रुथ सोशल' मंच पर एक पोस्ट में ट्रंप ने दावा किया कि रूस और यूक्रेन दोनों ने एक ऐसे युद्ध में सैकड़ों हजारों सैनिकों को खो दिया है जो ''कभी शुरू ही नहीं होना चाहिए था''। उन्होंने कहा, ''तत्काल युद्ध विराम होना चाहिए और बातचीत शुरू होनी चाहिए। बहुत से लोगों को बेवजह अपनी जान गंवानी पड़ रही है, बहुत से परिवार बर्बाद हो रहे हैं।''



## सीमा सुरक्षा के लिए बृहद् ड्रोन रोधी इकाई गठित करेगा भारत : अमित शाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**जोधपुर/भाषा।** केंद्रीय गृहमंत्री अमित शाह ने रविवार को कहा कि भारत अपनी सीमाओं को सुरक्षित करने के लिए जल्द ही एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करेगा, क्योंकि आने वाले दिनों में मानव रहित यानों का खतरा गंभीर होने वाला है।

भारत-पाकिस्तान सीमा से लगभग 300 किलोमीटर दूर स्थित बीएसएफ के प्रशिक्षण शिविर में बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित एक समारोह में जवानों को संबोधित करते हुए शाह ने कहा कि ''लेजर युक्त ड्रोन रोधी गन-माउंटेड'' तंत्र के शुरुआती परिणाम उत्साहजनक रहे हैं। उन्होंने कहा कि इससे पंजाब में भारत-पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को मार गिराने और उनका पता लगाने की क्षमता तीन प्रतिशत से बढ़कर 55 प्रतिशत हो गई है।

शाह ने कहा, ''आने वाले दिनों में ड्रोन का खतरा और भी गंभीर होने वाला है... हम इससे निपटने के लिए समग्र सरकार के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए रक्षा और अनुसंधान संगठनों और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं।'' उन्होंने कहा, ''हम आने वाले समय में देश के लिए एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई का गठन करने जा रहे हैं।''

आधिकारिक आंकड़े के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा से लगे इलाके में इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन मार गिराये गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा करीब 110 ड्रोन का था। हथियार और नशीले पदार्थ ले जाने में ड्रोन के इस्तेमाल की सबसे अधिक घटनाएं पंजाब में हुई हैं, जबकि राजस्थान और जम्मू में कुछ घटनाएं हुई हैं।



## राज ठाकरे के सपने टूट गए, महायुति को उनकी जरूरत नहीं: आठवले

**मुंबई/भाषा।** केंद्रीय मंत्री रामदास आठवले ने रविवार को कहा कि महाराष्ट्र नवनिर्माण सेना (मनसे) प्रमुख राज ठाकरे प्रासंगिकता खो चुके हैं और सत्तारूढ़ महायुति को उनकी जरूरत नहीं है।

महाराष्ट्र विधानसभा के लिए 20 नवंबर को हुए चुनावों में मनसे एक भी सीट जीतने में असफल रही थी। पार्टी प्रमुख के बेटे अमित ठाकरे को भी मुंबई के माहिम निर्वाचन क्षेत्र से हार का सामना करना पड़ा था।

रिपब्लिकन पार्टी ऑफ इंडिया (ए) के प्रमुख आठवले ने कहा, राज ठाकरे को लगता था कि उनके बिना सत्ता नहीं मिल सकती। उनके सपने चकनाचूर हो गए हैं। मेरे गठबंधन में होने के कारण राज ठाकरे के लिए कोई जगह नहीं है। वह अपनी रणनीति और पार्टी के झंडे का रंग बदलते रहते हैं। यह उनकी घटती प्रासंगिकता को दर्शाता है।

# विपक्ष ईवीएम के बारे में लोगों को गुमराह करना बंद करे, जनादेश स्वीकारे: शिंदे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र के उपमुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे ने रविवार को विपक्ष पर निशाना साधते हुए इलेक्ट्रॉनिक वोटिंग मशीन (ईवीएम) के बारे में लोगों को गुमराह करने और जनादेश को स्वीकार न करने का आरोप लगाया। शिंदे ने पत्रकारों को संबोधित करते हुए कहा कि सत्तारूढ़ महायुति गठबंधन ने 20 नवंबर को संपन्न विधानसभा चुनाव में अपने काम की वजह से जीत हासिल की है इसलिए विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए और विकास कार्यों में सरकार का समर्थन करना चाहिए।

महाराष्ट्र की 288 सदस्यीय विधानसभा के लिए 20 नवंबर को मतदान हुआ था और 23 नवंबर को नतीजे आए थे। इस चुनाव में भारतीय जनता पार्टी ( भाजपा),



एकनाथ शिंदे नीत शिवसेना और अजित पवार के नेतृत्व वाली राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के 'महायुति' गठबंधन ने 230 सीट पर जीत हासिल की थी जबकि कांग्रेस, उद्धव ठाकरे नीत शिवसेना(उबाठा) और शरद पवार नीत राकांपा(एसपी)के विपक्षी गठबंधन को केवल 46 सीट मिली थीं। विपक्षी दलों ने चुनाव में हार के लिए ईवीएम में अनियमितता का आरोप लगाया और मतपत्रों के इस्तेमाल की मांग की। शिवसेना प्रमुख ने विपक्ष पर निशाना साधते हुए कहा, जब आप जीतते हैं तो ईवीएम में कोई गड़बड़ी नहीं होती लेकिन जब आप हारते हैं तो मशीन खराब हो जाती है। यह सही तरीका नहीं है। उन्होंने कहा कि विपक्ष को जनादेश को स्वीकार करना चाहिए कि उन्हें निर्णायक रूप से पराजय मिला है।

उपमुख्यमंत्री ने कहा कि लोगों ने विपक्ष को उसकी जगह दिखा दी और साबित कर दिया कि वे घर बैठने वालों को वोट नहीं देते। उन्होंने कहा, लोकसभा चुनाव में महायुति को 2.48 करोड़ मत मिले, जो 43.55 प्रतिशत है। एमवीए को 2.5 करोड़ मत मिले, जो 43.71 प्रतिशत है। फिर भी विपक्ष को 31 सीट पर जीत हासिल हुई और महायुति को 17 सीट मिलीं। क्या हमें यह कहना चाहिए कि ईवीएम में गड़बड़ी हुई?

शिंदे ने कहा कि लोकतांत्रिक रूप से चुनी गई सरकार के बारे में भ्रम पैदा करना लोकतंत्र के लिए अच्छा नहीं है। उन्होंने कहा, लोगों ने हमें हमारे काम के लिए जनादेश दिया है। विलाप करना बंद करें और हमारे द्वारा किए गए विकास कार्यों को स्वीकार करें। जनादेश को स्वीकार करें।

शिंदे ने कहा कि विपक्ष ने झारखंड विधानसभा चुनाव और नांदेड़ (महाराष्ट्र) तथा वायनाड (केरल) लोकसभा सीट पर हुए उपचुनाव में जीत हासिल की। उन्होंने कहा कि महायुति को 49.30 प्रतिशत मत और 3.18 करोड़ वोट मिले जबकि एमवीए को 2.35 करोड़ मत मिले।



# धामी ने ओंकारेश्वर मंदिर से चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**देहरादून/भाषा।** उत्तराखंड के मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने रविवार को रुद्रप्रयाग जिले में स्थित बाबा केदार के शीतकालीन प्रवास स्थल उखीमठ के ओंकारेश्वर मंदिर में पूजा-अर्चना कर चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की। इस मौके पर मुख्यमंत्री ने प्रशासन द्वारा यात्रा के लिए की गई विभिन्न व्यवस्थाओं का स्थलीय निरीक्षण किया तथा अधिकारियों को श्रद्धालुओं की यात्रा को सुगम बनाने के लिए सभी आवश्यक व्यवस्थाएं सुनिश्चित करने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उन्होंने बाबा केदार का आशीर्वाद लेते हुए आधिकारिक रूप से चारधाम शीतकालीन यात्रा की शुरुआत की है और उनकी सरकार का प्रयास है कि वर्ष में 12 महीने श्रद्धालु और पर्यटक राज्य में आएं जिससे प्रदेशवासियों का रोजगार भी चलता रहे । उन्होंने कहा कि शीतकालीन यात्रा शुरू होने से प्रदेश में तीर्थाटन व पर्यटन और सशक्त होगा।

धामी ने कहा, इससे न केवल वर्षभर पर्यटकों का आगमन होगा, बल्कि यहां के अनेक पर्यटन स्थलों को भी नई पहचान मिलेगी। साथ ही स्थानीय निवासियों के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे जो उनकी आर्थिक स्थिति को सुदृढ़ बनाने में सहायक होंगे।

मुख्यमंत्री ने देशविदेश के पर्यटकों से भी अपील की कि वे शीतकालीन यात्रा पर प्रदेश में आएं और चारधाम के शीतकालीन गद्दीस्थल के दर्शन कर आशीर्वाद प्राप्त करें । उन्होंने कहा, इसके साथ ही गोपीनाथ, औली, पांडुकेश्वर, चोपता, जोशीमठ, कल्पेश्वर, त्रियुगीनारायण, कालीमठ, देवरियाताल, हरसिल, नेलांग घाटी, हर की दून, हनोल, विश्वनाथ मंदिर, टिहरी झील, कार्तिकेय स्वामी समेत कई पर्यटक स्थलों का भ्रमण करें ताकि पर्यटन उद्योग को भी प्रोत्साहन मिले और क्षेत्र की सांस्कृतिक धरोहर का संरक्षण हो सके।

इस अवसर पर केदारनाथ की विधायक आशा नौटियाल, रुद्रप्रयाग के विधायक भरत चौधरी और श्री बदरी- केदार मंदिर समिति के अध्यक्ष अजेंद्र अजय भी उपस्थित थे।

## पवार ने मतपत्र से मतदान की मांग कर रहे ग्रामीणों का समर्थन किया, भाजपा ने कहा, 'गुमराह न करें'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**सोलापुर/भाषा।** महाराष्ट्र में राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी- शरदचंद्र पवार (राकांपा-एसपी) के प्रमुख शरद पवार ने ईवीएम की विश्वसनीयता पर सवाल उठाया और मतपत्रों का उपयोग कर पुनर्मतदान कराने की मांग कर रहे सोलापुर जिले के मरकडवाडी गांव के लोगों के प्रति रविवार को अपना समर्थन व्यक्त किया। पिछले महीने हुए विधानसभा चुनावों के बाद ईवीएम के खिलाफ विरोध प्रदर्शन का केंद्र बने इस गांव का पवार ने दौरा किया। विधानसभा चुनाव में भाजपा के नेतृत्व वाली 'महायुती' ने 288 में से 230 सीट जीती थीं।

पवार ने कहा, ''हमने ईवीएम के बारे में कुछ आंकड़े एकत्र किये हैं। लोगों ने मतदान किया लेकिन अंत में परिणाम अप्रत्याशित थे। आपने इस मुद्दे के बारे में जागरूकता बढ़ाई और इस प्रक्रिया को बदलने की जरूरत है। भाजपा की महाराष्ट्र इकाई के प्रमुख चंद्रशेखर बावनकुले ने कहा कि वरिष्ठ नेता लोगों को गुमराह करने के बजाए विनम्रता पूर्वक जनादेश को स्वीकार करें।

पुलिस ने इस सप्ताह की शुरुआत में गांव और आस-पास के इलाकों के 200 से अधिक लोगों के खिलाफ अनधिकृत तरीके से मतपत्रों का उपयोग कर 'पुनर्मतदान' कराने की कथित तौर पर कोशिश करने का मुकदमा दर्ज किया। पवार ने जयंत पाटिल सहित राकांपा (एसपी)के कई नेताओं के साथ ग्रामीणों से मुलाकात की और एक सभा को संबोधित किया। वरिष्ठ नेता ने पुलिस कार्रवाई की आलोचना करते हुए कहा, मैं ग्रामीणों को धन्यवाद देना चाहता हूं क्योंकि आपने पूरे देश को सही दिशा दिखाई है। आप (ग्रामीण) ही थे जिन्होंने मतपत्रों का उपयोग कर चुनाव कराने के बारे में सोचा।

## महाराष्ट्र: शपथ ग्रहण समारोह के दौरान 12 लाख रुपए मूल्य की चीजें चोरी, पुलिस ने जांच शुरू की

**मुंबई/भाषा।** दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में पांच दिसंबर को आयोजित हुए महायुति सरकार के शपथ ग्रहण समारोह के दौरान कुल मिलाकर 12 लाख रुपए की चीजें चोरी हो गईं, जिसमें सोने की चेन, मोबाइल फोन और नकदी शामिल है। यह जानकारी पुलिस के एक अधिकारी ने रविवार को दी। आजाद मैदान थाने के अधिकारी ने बताया कि अज्ञात लोगों के खिलाफ प्राथमिकी दर्ज की गई हैं और आरोपियों को पकड़ने के प्रयास जारी हैं।

आजाद मैदान में हुए भव्य समारोह में भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के दिग्गज नेता देवेंद्र फडणवीस ने मुख्यमंत्री पद की शपथ ली, जबकि शिवसेना के एकनाथ शिंदे और राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) नेता अजित पवार ने उपमुख्यमंत्री पद की शपथ ली।

इस समारोह में प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के अलावा उद्योग, सिनेमा और राजनीति जगत की शीर्ष हस्तियां मौजूद थीं। समारोह की सुरक्षा के लिए आयोजन स्थल और आसपास के इलाकों में 4,000 से अधिक पुलिसकर्मियों को तैनात किया गया था।

अधिकारी ने बताया, सोने की चेन, फोन और पर्स चुराने वाले चोरों ने गेट नंबर दो से कार्यक्रम से बाहर निकलने वाले लोगों का फायदा उठाया। पुलिस थाने और अपराध शाखा के कर्मचारी आरोपियों को पकड़ने के लिए काम कर रहे हैं। सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं। अब तक किसी की गिरफ्तारी नहीं हुई है।

## महाराष्ट्र विधानसभा में 105 सदस्यों ने विधायक के रूप में शपथ ली

**मुंबई/भाषा।** महाराष्ट्र में विपक्षी महाविकास आघाडी (एमवीए) के सदस्यों सहित 105 विधायकों ने रविवार को नवगठित विधानसभा में विधायक के रूप में शपथ ली। विधायकों ने विशेष सत्र के दूसरे दिन शपथ ग्रहण की।

विपक्षी दलों के विधायकों ने हाल ही में हुए राज्य चुनावों में ईवीएम के दुरुपयोग का आरोप लगाते हुए विधानसभा के तीन दिवसीय विशेष सत्र के पहले दिन शनिवार को शपथ ग्रहण समारोह का बहिष्कार किया था। कांग्रेस नेता नाना पटोले, विजय वडेट्टीवार व अमित देशमुख, राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी-शरदचंद्र पवार के नेता जितेंद्र अव्हाड और शिवसेना-उद्धव बाला साहेब ठाकरे (उबाठा) नेता आदित्य ठाकरे सहित कुछ विधायकों ने आज सदन की कार्यवाही शुरू होने के तुरंत बाद शपथ ली। शनिवार को 173 विधायकों ने शपथ ली जबकि नौ अनुपस्थित विधायक सोमवार को शपथ लेंगे। पहली बार विधायक बने कई विधायकों ने रविवार को शपथ ली और समारोह में उनके परिवार के सदस्यों की भीड़ उमड़ पड़ी।

## पिछले 12 महीनों में 66% व्यवसायों ने रिश्वत दी: सर्वेक्षण

**नई दिल्ली/भाषा।** देशभर के 159 जिलों में लगभग 66 प्रतिशत व्यापारिक कंपनियों ने स्वीकार किया है कि उन्होंने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। ऑनलाइन मंच लोकलक्रिकल्स की रविवार को जारी रिपोर्ट में यह कहा गया है। सर्वेक्षण में 18,000 प्रतिक्रियाएं प्राप्त हुईं, जिसमें पाया गया कि 54 प्रतिशत को रिश्वत देने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए स्वेच्छा से भुगतान किया।

रिपोर्ट में कहा गया, कई कंपनियां नाम न छापने की शर्त पर बताती हैं कि सरकारी विभागों से परमिट या अनुपालन प्रक्रिया में तेजी लाने के लिए रिश्वत देना आम बात है। प्राधिकरण लाइसेंस की डुप्लिकेट प्रति या संपत्ति से जुड़े किसी भी मामले में रिश्वत देना आम बात है। सर्वेक्षण में शामिल 66 प्रतिशत व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में रिश्वत दी है। सर्वेक्षण में शामिल केवल 16 प्रतिशत व्यवसायों ने दावा किया कि वे हमेशा रिश्वत दिए बिना काम करवाने में कामयाब रहे हैं और 19 प्रतिशत ने कहा कि उन्हें ऐसा करने की आवश्यकता नहीं पड़ी। रिपोर्ट में कहा गया है, पिछले 12 महीनों में जिन व्यवसायों ने रिश्वत दी, उनमें से 54 प्रतिशत को ऐसा करने के लिए मजबूर किया गया, जबकि 46 प्रतिशत ने समय पर काम होने के लिए भुगतान किया। इस तरह की रिश्वत जबरन वसूली के समान है, जहां सरकारी एजेंसियों के साथ काम करते समय परमिट, आपूर्तिकर्ता योग्यता, फाइलें, ऑर्डर, भुगतान नियमित रूप से रोके जाते हैं। रिपोर्ट के अनुसार, कई स्थानों पर कम्प्यूटरीकरण के बावजूद तथा सीसीटीवी से दूर बंद दरवाजों के पीछे व्यवसायों द्वारा रिश्वत देना जारी है। व्यवसायों ने पिछले 12 महीनों में आपूर्तिकर्ता के रूप में अर्हता प्राप्त करने, कोटेशन और ऑर्डर सुरक्षित करने तथा भुगतान एकत्र करने के लिए विभिन्न प्रकार की संस्थाओं को रिश्वत देने की बात स्वीकार की है। यह सर्वेक्षण 22 मई से 30 नवंबर 2024 के बीच किया गया था। सर्वेक्षण में भाग लेने वाली व्यावसायिक फर्मों ने कहा कि 75 प्रतिशत रिश्वत कानूनी, माप विज्ञान, खाद्य, औषधि, स्वास्थ्य आदि विभागों के अधिकारियों को दी गई।




## इलेक्ट्रिक स्कूटर से धुआं निकलने के मामले में बजाज ऑटो ने कहा- जांच हो रही

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**छत्रपति संभाजीनगर/भाषा।** छत्रपति संभाजीनगर में एक इलेक्ट्रिक स्कूटर से धुआं निकलने का वीडियो वायरल हुआ है, जिसके बाद प्रमुख दोपहिया वाहन विनिर्माता बजाज ऑटो ने कहा कि घटना की जांच की जा रही है। बृहस्पतिवार को जालना रोड पर व्यस्त ट्रैफिक सिग्नल पर बजाज चेतक के इलेक्ट्रिक स्कूटर से धुआं निकलने लगा। एक अधिकारी ने बताया कि दमकल विभाग ने धुआं बुझाने के लिए एक टीम मौके पर भेजी। वरवंडी गांव के दो किसान भगवान चव्हाण और रवींद्र चव्हाण पानी की पाइप खरीदने छत्रपति संभाजीनगर आए थे। अधिकारी ने बताया कि जब वे सिग्नल पर इंतजार कर रहे थे, तो उन्होंने देखा कि उनके ई-वाहन से धुआं निकल रहा है।

वाहन को एक तरफ ले जाया गया और सेवन हिल्स फायर स्टेशन से फायर ब्रिगेड की टीम को बुलाया गया। अधिकारी ने बताया कि टीम ने वाहन पर पानी का छिड़काव किया और धुआं निकलना बंद हो गया। बजाज ऑटो के प्रवक्ता ने पीटीआई-भाषा से कहा, हमें घटना की सूचना मिली है। मामले की जांच की जा रही है।

संपर्क किए जाने पर स्थानीय पुलिस और दमकल विभाग के अधिकारी ने कहा कि उन्हें वाहन के ब्रांड के बारे में कोई जानकारी नहीं है।

एक पुलिस अधिकारी ने कहा, हमारे पास इस घटना की कोई सूचना नहीं है।

सेवन हिल्स फायर ब्रिगेड इकाई के एक अधिकारी ने कहा कि घटना की सूचना बृहस्पतिवार दोपहर करीब एक बजे मिली।

बजाज ऑटो के प्रबंध निदेशक राजीव बजाज ने हाल ही में कहा कि बजाज चेतक देश में सबसे ज्यादा बिकने वाला इलेक्ट्रिक स्कूटर है। उन्होंने कहा, ओला तो ओला है, चेतक तो शोला है।

### लोकसभा में राहुल गांधी से सवाल पूछूंगा

# निशिकांत दुबे ने अमेरिका के खिलाफ भाजपा के आरोपों पर कहा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** भारत को अस्थिर करने के प्रयास संबंधी भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के आरोपों को अमेरिका द्वारा खारिज किए जाने के बीच पार्टी सांसद निशिकांत दुबे ने रविवार को कहा कि वह इस मुद्दे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष राहुल गांधी से 10 सवाल पूछेंगे।

दुबे ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में आरोप लगाया कि मीडिया पोर्टल 'ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट' (ओसीसीआरपी) और हंगरी-अमेरिकी व्यवसायी जॉर्ज सोरोस ने भारत की अर्थव्यवस्था को बर्बाद करने तथा मोदी सरकार को बदनाम करने के लिए विपक्ष के साथ मिलीभगत की है। अमेरिका ने शनिवार को भाजपा के उन आरोपों को खारिज



किया कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संगठन और वाशिंगटन की सरकारी संस्थाओं से जुड़े तत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी तथा उद्योगपति गौतम अदाणी पर लक्षित हमलों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने के प्रयासों में शामिल हैं।

अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने आरोपों को ''निराशाजनक'' बताया और कहा कि अमेरिका सरकार दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता की पैरोकार रही है। दूतावास के बयान पर प्रतिक्रिया देते हुए दुबे ने कहा, ''कल मैंने अमेरिकी दूतावास के अधिकारियों का बयान बार-बार पढ़ा। उन्होंने स्वीकार किया कि अमेरिकी सरकार ओसीसीआरपी को धन देती है और सोरोस फाउंडेशन भी इसे धन देता है।'' उन्होंने कहा कि ओसीसीआरपी और सोरोस का काम भारत की अर्थव्यवस्था को चौपट करना और विपक्ष के नेताओं के साथ मिलकर मोदी सरकार को बदनाम करना है।

दुबे ने अपने पोस्ट में कहा, ''कल के बयान के बाद मुझे लोकसभा में राहुल गांधी से 10 प्रश्न पूछने हैं। विपक्ष संसद में मेरी आवाज़ दबाने की कोशिश कर रहा है। लोकसभा का नियम 357 मुझे प्रश्न पूछने का अधिकार देता है। कल का इंतज़ार है।''

भाजपा ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि अमेरिका की सरकारी संस्थाओं में शामिल तत्वों ने भारत की छवि को ''नुकसान'' पहुंचाने के लिए मीडिया पोर्टल ओसीसीआरपी और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलीभगत की।

## गुजरात पुलिस की हिरासत में तांत्रिक की मौत, अधिकारियों का दावा: उसने 12 हत्याएं की थीं

**अहमदाबाद/भाषा।** गुजरात में एक कारोबारी की हत्या की कथित साजिश रचने को लेकर गिरफ्तार 42 वर्षीय तांत्रिक की रविवार को यहां पुलिस हिरासत में मौत हो गई। पुलिस के एक अधिकारी ने बताया कि तांत्रिक ने स्वीकार किया था कि उसने रसायन युक्त पेय पदार्थ देकर 12 लोगों की जान ली है। उन्होंने बताया कि सारखेज पुलिस ने तीन दिसंबर की रात करीब एक बजे नवलसिंह चावडा को उस वक्त गिरफ्तार कर लिया जब वह अपराध को अंजाम देने जा रहा था। पुलिस ने यह कार्रवाई तांत्रिक के टैक्सी कारोबार के साझेदार द्वारा दी गई सूचना के आधार पर की थी। अधिकारी ने बताया कि पुलिस ने चावडा की गुप्त गतिविधियों और नर बलि में संभावित संलिप्तता की जांच के लिए 10 दिसंबर तक की उसकी रिमांड हासिल की थी।

## शेट्टी ने शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे का विरोध किया, किसानों को 'अपर्याप्त' मुआवजा देने का आरोप लगाया

**मुंबई/भाषा।** किसान नेता राजू शेट्टी ने रविवार को प्रस्तावित 802 किलोमीटर लंबे शक्तिपीठ एक्सप्रेसवे को लेकर महाराष्ट्र सरकार की आलोचना की और आरोप लगाया कि भूमि अधिग्रहण का खर्च बढ़ा दिया गया है और किसानों को कम मुआवजा दिया गया है।



स्वाभिमानी शेतकारी संगठन के प्रमुख शेट्टी ने सोशल मीडिया मंच 'एक्स' पर जारी एक पोस्ट में सरकार पर किसानों की कीमत पर मुनाफाखोरी करने का आरोप लगाया। प्रस्तावित एक्सप्रेस वे विदर्भ क्षेत्र के वर्धा जिले के पवनार को कोंकण के तटीय जिले सिंधुदुर्ग के पतरादेवी से जोड़ेगा। पड़ोसी गोवा राज्य में प्रवेश करने से पहले यह महाराष्ट्र के 12 जिलों से होकर गुजरेगा। एक्सप्रेसवे की अनुमानित लागत 86,000 करोड़ रुपए है, जो प्रति किलोमीटर 107 करोड़ रुपए है। पूर्व सांसद ने कहा कि यह एनएचएआई द्वारा भूमि अधिग्रहण के लिए निर्धारित मानक से प्रति किलोमीटर 20-25 करोड़ रुपए अधिक है। किसान नेता ने कहा कि इसका मतलब है कि राज्य को प्रति किलोमीटर 75-76 करोड़ रुपए अतिरिक्त खर्च करने होंगे। उन्होंने दावा किया कि शक्तिपीठ परियोजना के लिए किसानों को दिया जाने वाला मुआवजा मुंबई-नागपुर समृद्धि एक्सप्रेसवे के लिए प्रस्तावित मुआवजे का मात्र 40 प्रतिशत होगा।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
बेंगलूरु क्लासीफाइड
नाम परिवर्तन

**CHANGE OF NAME**

I, **Mr. RAVINDRA M. NAIK**, S/o Mr. Madev Naik, age 43 years, presently R/at No. 76, 3rd Main, Amarjyothi Layout, Chola Nagar, Bangalore North, Bangalore-560 032 do hereby declare that all the names i.e. **RAVINDRA M. NAIK, RAVINDRA NAIK, RAVINDRA** and **RAVIINDRA BHARATHIYA** are one and the same and refers to me only, henceforth I shall be known and called as **RAVIINDRA BHARATHIYA** for all purposes, vide affidavit dated 7th Dec. 2024, sworn before Advocate and Notary **C.V. EARAPPA** at Bangalore.

# दिल्ली पुलिस ने 2,500 किलोमीटर तक पीछा करके हैदराबाद में तस्कर को पकड़ा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**नई दिल्ली/भाषा।** दिल्ली पुलिस के विशेष प्रकोष्ठ ने भारतीय युवाओं की तस्करी करके उन्हें साइबर धोखाधड़ी से जुड़े फर्जी कॉल सेंटरों में काम करने के लिए मजबूर करने में कथित रूप से शामिल एक व्यक्ति को हैदराबाद से गिरफ्तार किया है। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी।

अधिकारी ने दावा किया कि लगातार 2,500 किलोमीटर तक पीछा करने के बाद आरोपी को गिरफ्तार किया गया। पुलिस उपायुक्त (विशेष प्रकोष्ठ) मनोज सी ने कहा, 2,500 किलोमीटर की लंबी दूरी तक पीछा करने के बाद हैदराबाद से कामरान हैदर उर्फ जैदी को गिरफ्तार किया गया। राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण ने जैदी की गिरफ्तारी के लिए सूचना देने पर दो लाख रुपए का ईनाम घोषित कर रखा था। पुलिस के अनुसार, 27 मई को नरेश लखावत नामक व्यक्ति की शिकायत के आधार पर न्यू फ्रेंड्स कॉलोनी थाने में एक मामला दर्ज किया गया था, जिन्होंने कहा था कि वह नौकरी की तलाश कर रहे थे, इस दौरान उन्हें अली इंटरनेशनल सर्विस के बारे में पता चला, जो कथित तौर पर नई दिल्ली में स्थित एक 'कंसल्टेंसी फर्म' है।

डीसीपी ने कहा, कंपनी ने उन्हें थाईलैंड और लाओस में नौकरी की पेशकश की और अंततः थाईलैंड भेज दिया। लेकिन जब वह वहां पहुंचे, तो उनका पासपोर्ट छीन लिया गया और उन्हें एक चीनी कंपनी के लिए काम करने को मजबूर किया गया, जो भारतीय लोगों से ऑनलाइन धोखाधड़ी करती थी। मामले की जांच एनआईए को सौंपी गई। एनआईए द्वारा की गई जांच में मंजूर आलम, साहिल, आशीष, पवन यादव और हैदर की पहचान मुख्य साजिशकर्ताओं के रूप में हुई।

# गेहूं, मक्के के रिकॉर्ड एमएसपी से हिमाचल प्रदेश प्राकृतिक खेती में अग्रणी : कृषि मंत्री चंद्र कुमार

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**धर्मशाला/भाषा।** हिमाचल प्रदेश के कृषि मंत्री चंद्र कुमार ने रविवार को कहा कि प्राकृतिक खेती के माध्यम से उत्पादित गेहूं और मक्का के लिए सबसे ज्यादा न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) देने में प्रदेश अग्रणी बन गया है।

यहां पत्रकारों को संबोधित करते हुए कुमार ने कहा कि सरकार की गारंटी के तहत प्राकृतिक खेती से प्राप्त गेहूं 40 रुपए प्रति किलोग्राम तथा मक्का 30 रुपए प्रति किलोग्राम की दर से खरीदा जा रहा है, जिससे 1,506 किसान परिवारों को लाभ मिल रहा है तथा



4,000 क्विंटल से अधिक मक्का की खरीद हो चुकी है। कुमार ने कहा कि 35,000 हेक्टेयर में प्राकृतिक खेती की जा रही है, जिसमें 1.98 लाख किसान शामिल हैं।

मंत्री ने कहा, उनकी सहायता के लिए, 1.5 लाख से अधिक किसानों को निःशुल्क प्रमाणीकरण प्राप्त हुआ है, और इस वर्ष 36,000 से अधिक किसानों को प्राकृतिक खेती की पहल से जोड़ा जा रहा है। प्राकृतिक खेती के उत्पादों की बिक्री को सुव्यवस्थित करने के लिए 10 कृषि मंडियों में बुनियादी ढांचे को उन्नत करने का काम चल रहा है। उन्होंने कहा, राजीव गांधी स्टार्टअप योजना के तीसरे चरण के तहत 680 करोड़ रुपए की लागत से सरकार का लक्ष्य कृषि को रोजगार के अवसरों से जोड़ना है। राज्य जल्द ही प्राकृतिक खेती से मक्का के आटे का ब्रांड हिमभोग भी पेश करने की योजना बना रहा है। इसके अलावा, डेयरी किसानों को सहायता देने के लिए गाय का दूध 45 रुपए प्रति लीटर और भैंस का दूध 55 रुपए प्रति लीटर की दर पर खरीदा जा रहा है। मंत्री ने केंद्र सरकार की ओर से 9,000 करोड़ रुपए की लंबित आपदा राहत पर भी चिंता व्यक्त की।









बेलगावी के स्वर्ण विधानसौधा में रविवार को विधानसभा अध्यक्ष यूटी खादर फरीद ने बेलगावी के शीतकालीन सत्र की तैयारियों की समीक्षा की। बाद में उन्होंने मीडिया कॉन्फ्रेंस कर मीडिया प्रतिनिधियों को सत्र की तैयारी के बारे में जानकारी दी।

# बेलगावी शीतकालीन सत्र को मॉडल बनाने के लिए सभी का सहयोग चाहते हैं हम : यूटी खादर

## बेलगावी में कर्नाटक विधानसभा का 10 दिवसीय शीतकालीन सत्र आज से

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेलगावी। यहां कर्नाटक विधानसभा के अध्यक्ष यूटी खादर ने कहा कि राज्य के सीमावर्ती जिले बेलगाम में 9 दिसंबर से 20 दिसंबर तक निर्धारित विधान सत्र अनुकरणीय तरीके से आयोजित किया जाएगा। उन्होंने सुवर्णसौधा के कमरा नंबर 238 में प्रेस कॉन्फ्रेंस में ये बात कही। उन्होंने बताया कि पहले दिन 9 दिसंबर को सुबह 11 बजे से सत्र इलेक्ट्रॉनिक माध्यम से शुरू होगा। इससे पहले 10.30 बजे ऐतिहासिक अनुभव मंटप स्मृति के बड़े तेल चित्र का अनावरण मुख्यमंत्री करेंगे। इस ऐतिहासिक कार्यक्रम के गवाह विधानसभा अध्यक्ष, विधान परिषद अध्यक्ष, उपाध्यक्ष, जिला प्रभारी मंत्री समेत कई गणमान्य लोग उपस्थित होंगे।

विधानसभा में हाल ही में हुए उपचुनाव में निर्वाचित विधानसभा सदस्यों को शपथ दिलाई जाएगी। दोपहर में बीएससी (परामर्शदात्री सलाहकार समिति) की बैठक होगी जिसमें अगले सत्र की रूपरेखा पर चर्चा कर उसे अंतिम रूप दिया जाएगा। इस बार सत्र में 5 बिलों पर होगी लंबी बहस होगी, दो अध्यादेश प्रतिस्थापन विधेयकों पर विचार किया जाएगा। सत्र में 10 दिनों के लिए प्रश्नोत्तर सत्र निर्धारित है। चौकस निर्देश, यदि शून्य है, तो एक स्टॉप निर्देश निष्पादित किया जाएगा। उन्होंने बताया कि अब तक 3004 प्रश्न, 205 ध्यानाकर्षण सूचनाएं, 96 नियम 351 सूचनाएं प्राप्त हो चुकी हैं। उन्होंने कहा कि 3 निजी विधेयकों को भी स्वीकार कर लिया गया है।

बेलगावी, हम सभी का गौरवशाली शहर है सुवर्णसौधा में एक परंपरा के रूप में हर साल आयोजित होने वाले इस विशेष सत्र में भाग लेने वाले विभिन्न समाचार पत्रों और समाचार चैनलों के प्रतिनिधियों के लिए आवास, भोजन और बैठने की व्यवस्था पर बहुत जोर दिया गया है और सत्र की सफलता में योगदान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि आयोजन में लिखित प्रश्नों के उत्तर प्राप्त करने की प्रक्रिया सहित विभिन्न प्रणालियों की सुव्यवस्थित व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि इस बार बेलगाम के स्वर्ण विधानसौदा में बेंगलूरु की विधान सभा की लॉबी की तरह ही नई स्पीकर की कुर्सी तैयार की गई है।

उन्होंने कहा कि सत्र संचालन के लिए 2500 अधिकारी लगभग 6000 पुलिस अधिकारियों और कर्मचारियों सहित कुल 8500 अधिकारियों और कर्मचारियों को तैनात किया गया है। वहीं पर्याप्त पुलिस उपकरण लगाए गए हैं। उन्होंने कहा कि जिला कलेक्टरों के नेतृत्व में 10 समितियां बनाई गई हैं और आवास और परिवहन सहित विभिन्न व्यवस्थाएं की गई हैं। सुवर्णसौधा में कार्यक्रम का अवलोकन करने पहुंच रहे आगंतुकों की सुविधा के लिए मुख्य प्रवेश द्वार से भवन तक कुछ बसों की व्यवस्था की गई है।

उन्होंने कहा कि छात्रों और शिक्षकों की जानकारी के लिए बेलगावीं में महात्मा गांधी की अध्यक्षता में 1924 में आयोजित कांग्रेस अधिवेशन की 10वीं वर्षगांठ की स्मृति में तस्वीरें प्रदर्शित करने की व्यवस्था की गई है। उन्होंने कहा, इसके लिए महात्मा गांधी के दुर्लभ चित्रों को एकत्र किया गया है और सुवर्णसौधा के संबंधित किनारों पर लगाया गया है। प्रेस कॉन्फ्रेंस में विधानसभा सचिव एम.के. विशालाक्षी, जिला कलेक्टर मोहम्मद रोशन, जिला पंचायत के मुख्य कार्यकारी अधिकारी राहुल शिंदे, जिला पुलिस अधीक्षक भीमा शंकर गुलेद उपस्थित थे।



# संडूर हमेशा कांग्रेस का गढ़ रहेगा : सिद्दरामय्या

## मुख्यमंत्री ने संडूर की जनता को अभूतपूर्व जीत के लिए बधाई दी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

संडूर। मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने चुटकी लेते हुए कहा कि प्रधानमंत्री मोदी में अपने झूठ के जवाब में मेरी चुनौती स्वीकार करने का साहस नहीं है। उन्होंने रविवार को संदूर विधानसभा क्षेत्र में मतदाताओं को सम्मानित करने के लिए एक विशाल मतदाता सम्मेलन का उद्घाटन करते हुए यह बात कही।

उन्होंनेकहा कि उपचुनाव में बीजेपी के स्थानीय नेताओं ने प्रधानमंत्री मोदी से कई झूठ बोले। मैंने मोदी को चुनौती दी कि अगर आप आरोप साबित कर देंगे तो मैं राजनीति से संन्यास ले लूंगा। उन्होंने कहा कि उन्होंने चुनौती स्वीकार करने का साहस नहीं दिखाया। मैंने तीन दिनों तक संदूर में प्रचार किया। मैंने तुकाराम द्वारा किये गये विकास कार्यों पर ध्यान दिया। मैं यह भी जानता हूं कि तुकाराम से पहले संदूर कैसा था। अब मैंने देखा कि तुकाराम ने अच्छे काम किये हैं। जैसा हमारी कांग्रेस सरकार ने कहा था वैसा ही हुआ। हम देश की जनता से किये सभी वादे कदम दर कदम पूरा कर रहे हैं। उन्होंने कहा कि हमने अपने लोगों की आर्थिक शक्ति और क्रय शक्ति बढ़ाने के लिए कार्यक्रम तैयार और कार्यान्वित करके अपने वादों का पालन किया है।

**संडूर के लिए 2 हजार का मकान बंपर**

**आवास मंत्री ज़मीर अहमद खान ने संदूर के लोगों को बधाई देते हुए घोषणा की कि आवास विभाग द्वारा संडूर निर्वाचन क्षेत्र को अतिरिक्त 2000 घर दिए जाएंगे। 2172 आवास दिये जा चुके हैं। उन्होंने घोषणा की कि संदुर में अतिरिक्त 2000 घर उपलब्ध कराए जाएंगे क्योंकि गरीब लोग अधिक थे और नंजुंदप्पा की रिपोर्ट में नंजुंदप्पा को पिछड़े तालुक के रूप में सूचीबद्ध किया गया था।**

वर्ष 2014-2018 में नरेंद्र मोदी द्वारा किए गए वादों को याद रखें। देखें कि क्या आपने उनमें से एक भी पूरा किया है। उन्होंने कहा कि अगर मोदी ने आपको इस स्तर पर धोखा दिया है तो इस पर सवाल उठाया जाना चाहिए। मोदी अच्छे दिन नहीं लाए, उन्होंने प्रति वर्ष 2 करोड़ नौकरियां पैदा नहीं कीं, वह विदेश से काला धन नहीं लाए, उन्होंने आपके खाते में 15 लाख नहीं डाले। उन्होंने बताया कि मोदी ने अपने भाषण में सब कुछ खत्म कर दिया। उन्होंने कहा कि संडूर उपचुनाव कमान बीजेपी के जनार्दन रेड्डी के हाथ में थी, जिन्होंने बेल्लारी जिले के लोगों से डरकर गणतंत्र बेल्लारी बनाया था। हालाँकि, संदुर के लोग रेड्डी के पैसे, डर, लालच, झूठ और बदनामी के आगे नहीं झुके। अन्नपूर्णम्मा जीतकर आपने विकास की राजनीति और सत्य की राजनीति जीती है। उन्होंने कहा कि इससे संदूर की गरिमा बढ़ी है। उन्होंने कहा कि आज तक बीजेपी अपने दम पर राज्य की सत्ता में नहीं आई है। ऑपरेशन कमल के जरिए ही बीजेपी राज्य की सत्ता में आई है. उन्होंने सवाल किया कि क्या ऑपरेशन कमल में इस्तेमाल किया गया पैसा भी काला धन था।

उन्होंने कहा कि प्रदेश की जनता ने तीन उपचुनावों में जीत हासिल कर हमारी सरकार को आशीर्वाद दिया है। झूठे मुकदमों और झूठे आरोपों के जरिए मेरे खिलाफ साजिश रचने वाली भाजपा को प्रदेश की जनता ने करारा जवाब दिया है। इस सिद्दरामय्या ने दोहराया कि जब तक आपका आशीर्वाद है, किसी भी साजिश, झूठे मामलों से डरने का कोई सवाल ही नहीं है।

उन्होंनेकहा कि वक्फ के मुद्दे पर भाजपा के राष्ट्रीय नेताओं से लेकर स्थानीय नेताओं तक ने झूठ और लांछन की झड़ी लगा दी। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने भाषण देते हुए महाराष्ट्र चुनाव में 700 करोड़ के भ्रष्टाचार का आरोप लगाया। मैंने प्रधानमंत्री को चुनौती दी, अपना आरोप साबित करें। प्रधानमंत्री मोदी ने मेरी चुनौती स्वीकार करने की हिम्मत नहीं की। उन्होंने चुटकी लेते हुए कहा कि सिर्फ झूठ बोलने से ही उन्हें हिम्मत मिलती है।

# प्रसूताओं की मौत : सिद्दरामय्या की पीड़ित परिवारों को पांच लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा


दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेल्लारी। कर्नाटक के मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र में प्रसव संबंधी जटिलताओं के कारण जान गंवाने वाली महिलाओं के परिजनों को रविवार को पांच लाख रुपये का मुआवजा देने की घोषणा की। बेल्लारी मेडिकल कॉलेज एवं अनुसंधान केंद्र (बीएमसीआरसी) में पिछले एक महीने में कम से कम पांच प्रसूताओं की मृत्यु होने की सूचना है। इसे गंभीरता से लेते हुए मुख्यमंत्री सिद्दरामय्या ने कर्नाटक के औषधि नियंत्रक उमेश एस. के निलंबन का आदेश दिया।

इसके साथ ही पश्चिम बंगाल स्थित उस कंपनी के खिलाफ मुकदमा चलाने का भी फैसला किया गया है जिस पर घटिया 'रिंगर लैक्टेट' की आपूर्ति करने का आरोप है।

शरीर में जल की मात्रा को बहाल करने के लिए रिंगर लैक्टेट' का उपयोग किया जाता है। बेल्लारी जिले के संदूर में 'जन कल्याण समावेश' कार्यक्रम में सिद्दरामय्या ने कहा, बेल्लारी अस्पताल में पांच महिलाओं की मौत हो गई है। मैंने एक बैठक की और ऐसा प्रतीत होता है कि घटिया दवाएं दी गई थीं। मैंने दो लाख रुपये की अनुग्रह राशि की घोषणा की थी, लेकिन रिश्तेदार अधिक मांग रहे हैं।

इसलिए मैं उन्हें पांच लाख रुपये देने की घोषणा करता हूं। यह कार्यक्रम हाल में हुए विधानसभा उपचुनाव में कांग्रेस उम्मीदवार अन्नपूर्णा तुकाराम के विजयी होने पर संदूर के लोगों का धन्यवाद व्यक्त करने के लिए आयोजित किया गया।



# इस्कॉन मंदिर में पुस्तक 'विश्वंभरा' का विमोचन राज्यपाल थावरचन्द ने किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**राज्यपाल ने चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं को दुनिया भर में फैलाने में इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की भूमिका पर जोर दिया। श्रील प्रभुपाद ने भगवद गीता के संदेश को पश्चिमी देशों में पहुँचाया, जिससे दुनिया भर के लोगों को भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को स्वीकार करने की प्रेरणा मिली।**

बेंगलूरु। कर्नाटक के राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने बेंगलूरु के इस्कॉन मंदिर में आयोजित एक समारोह में जीवनी उपन्यास विश्वम्भरा का विमोचन किया। प्रसिद्ध कन्नड़ लेखक और कर्नाटक साहित्य अकादमी पुरस्कार विजेता डॉ. ना. मोगासले द्वारा लिखित इस पुस्तक में भक्ति आंदोलन के प्रमुख व्यक्ति श्री चैतन्य महाप्रभु के प्रेरक जीवन पर प्रकाश डाला गया है।

अपने संबोधन में राज्यपाल थावरचंद गहलोत ने श्री चैतन्य महाप्रभु की प्रशंसा एक महान संत, समाज सुधारक और कृष्ण भक्त के रूप में की, जिन्होंने प्रेम, भक्ति, आध्यात्मिक समानता और भाईचारे के आदर्शों को बढ़ावा दिया। राज्यपाल ने कहा, श्री चैतन्य महाप्रभु का हरिनाम संकीर्तन का मूल संदेश, भगवान के नाम का सामूहिक जाप, आध्यात्मिक जागृति का एक सरल किन्तु शक्तिशाली मार्ग है। उन्होंने मंत्र, 'हरे कृष्ण, हरे कृष्ण, कृष्ण कृष्ण हरे हरे, हरे राम, हरे राम, राम राम हरे' के महत्व पर भी प्रकाश डाला।

राज्यपाल ने चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं को दुनिया भर में फैलाने में इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की भूमिका पर जोर दिया। श्रील प्रभुपाद ने भगवद गीता के संदेश को पश्चिमी देशों में पहुँचाया, जिससे दुनिया भर के लोगों को भगवान कृष्ण की शिक्षाओं को स्वीकार करने की प्रेरणा मिली।

बारह वर्षों में, 100 से अधिक इस्कॉन ने इस्कॉन के संस्थापक आचार्य श्रील प्रभुपाद की भूमिका पर जोर दिया। छह महाद्वीपों में मंदिर स्थापित किए गए। अन्नदानम जैसी परंपराओं सहित भारतीय संस्कृति के प्रसार में उनका सराहनीय कार्य वास्तव में प्रशंसनीय है। भगवद गीता पर उनकी भक्तिपूर्ण टिप्पणी की लाखों प्रतियां 70 से अधिक भाषाओं में वितरित की गई हैं, जिससे उन्हें एक महान राजदूत के रूप में मान्यता मिली है। आधुनिक युग में भारतीय संस्कृति और विरासत की झलक मिलती है।

डॉ. ना. मोगासले के साहित्यिक योगदान की सराहना करते हुए राज्यपाल ने कहा, विश्वम्भर कन्नड़ साहित्य में एक महत्वपूर्ण योगदान है और चैतन्य महाप्रभु की शिक्षाओं को दूर-दूर तक फैलाने में सहायक होगा। मुझे उम्मीद है कि यह कृति पाठकों को प्रेरित करेगी और सकारात्मक सामाजिक बदलाव को बढ़ावा देगी।

इस कार्यक्रम में श्री मधु पंडित दास और श्री चंचलपति दास के नेतृत्व में तीन दशकों से अधिक समय से आध्यात्मिक और सांस्कृतिक मूल्यों को बढ़ावा देने में इस्कॉन बैंगलोर के योगदान का भी जश्न मनाया गया। राज्यपाल ने प्रार्थना सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया (सर्वे भवन्तु सुखिनः, सर्वे सन्तु निरामया) सभी खुश रहें, सभी बीमारी से मुक्त रहें) के साथ समापन किया।

समारोह में व्यासराज मठ के परम पावन श्री विद्याशीर्ष तीर्थ स्वामीजी, प्रसिद्ध अभिनेता और निर्देशक प्रकाश बेलावाड़ी, मैसूर इस्कॉन के अध्यक्ष स्तोका कृष्ण स्वामी, इस्कॉन बेंगलूरु के उपाध्यक्ष चंचलपति दास और कर्नाटक संस्कृत विश्वविद्यालय के सेवानिवृत्त कुलपति डॉ. मल्लेपुरम वेंकटेश सहित कई प्रतिष्ठित अतिथि उपस्थित थे।



# रेलवे परियोजनाओं के लिए मंत्रियों के साथ अधिकारियों की बैठक

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

हुब्बल्ली। हुब्बल्ली-धारवाड़ क्षेत्र में रेलवे परियोजनाओं की स्थिति का आकलन करने के लिए दक्षिण पश्चिम रेलवे मुख्यालय में एक समीक्षा बैठक केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य और सार्वजनिक वितरण तथा नवीन और नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रल्हाद जोशी, रेल और जल शक्ति राज्य मंत्री वी. सोमन्ना और कर्नाटक के श्रम मंत्री संतोष लाड के साथ हुई। बैठक के दौरान उत्तर कन्नड़ के संसद सदस्य विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी और विधायक महेश तेंगिंकई, अरविंद बेलाड और एमआर पाटिल भी उपस्थित थे।

बैठक के दौरान समीक्षा की गई प्रमुख परियोजनाओं में धारवाड़-बेलगाम नई लाइन, हुब्बल्ली-अंकोला नई लाइन, हुब्बल्ली-सिरसी-तालगुप्पा नई लाइन, सड़क ऊपरी पुल (आरओबी) और सड़क निचले पुल (आरयूबी) का निर्माण और प्रमुख राजमार्गों का विकास शामिल था। अमृत भारत स्टेशन योजना (एबीएसएस) के तहत स्टेशनों को जोड़ने, जिसमें यात्री सुविधाओं में वृद्धि शामिल है।

प्रहलाद जोशी ने हुब्बल्ली और वाराणसी के बीच ट्रेन सेवाओं की आवृत्ति को साप्ताहिक से बढ़ाकर द्वि-साप्ताहिक करने, हुबली को अजमेर, जोधपुर से जोड़ने वाली नई ट्रेन सेवाएं शुरू करने की मांग की। अहमदाबाद में एक स्थानीय मेमू (मेनलाइन इलेक्ट्रिक मल्टीपल यूनिट) ट्रेन शुरू करने की मांग की गई, जो हुब्बल्ली क्षेत्र को अन्निगेरी, कुंडागोल, सौंशी, गुडिगेरी और धारवाड़ जैसे स्टेशनों से जोड़ेगी। विश्वेश्वर हेगड़े कागेरी ने दांडेली और धारवाड़ के बीच ट्रेन सेवा शुरू करने की मांग की। सभी परियोजनाओं पर भूमि अधिग्रहण, डीपीआर, निविदा प्रगति आदि के बारे में उनकी पूर्व निर्धारित स्थिति के साथ विस्तार से चर्चा की गई और राज्य मंत्री ने सभी रेलवे अधिकारियों को प्राथमिकता के आधार पर निर्धारित समय के भीतर परियोजनाओं को पूरा करने की सलाह दी। उन्होंने रेलवे अधिकारियों को बोतलबंद पानी की समस्या को दूर करने का भी निर्देश दिया।

इस मौके पर महाप्रबंधक अरविंद श्रीवास्तव, सहायक महाप्रबंधक के.एस. जैन, डीआरएम हुब्बल्ली हर्ष खरे और प्रमुख विभागाध्यक्ष दक्षिण पश्चिम रेलवे, धारवाड़ की उपायुक्त दिव्या प्रभु, तथा केआईएडीबी के अधिकारी और अन्य वरिष्ठ रेलवे अधिकारी मौजूद थे।

## शादी के बंधन में बंधे अभिनेता कालिदास जयराम और मॉडल तारिणी

त्रिशूर/भाषा। मशहूर अभिनेता कालिदास जयराम और मॉडल तारिणी कलिंगरायार ने यहां के प्रसिद्ध गुरुवायुर श्री कृष्ण मंदिर में रविवार को शादी की। कालिदास जयराम प्रसिद्ध दंपति जयराम और पार्वती के बेटे हैं। उनकी शादी में करीबी रिश्तेदार, मित्र और फिल्म जगत के लोग शामिल हुए।





# नारायण शेट्टी मेमोरियल नेत्र चिकित्सालय का उद्घाटन हुआ

## इसमें प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल है

कुंदापुरा। कुंदापुरा के शंकरनारायण में चर्मक्की नारायण शेट्टी मेमोरियल नेत्र चिकित्सालय का रविवार को उद्घाटन किया गया, जो निःशुल्क सुविधाएं देगा। इसका संचालन और प्रबंधन नारायण नेत्रालय द्वारा किया जाएगा। इस विस्तृत सुविधा में नेत्र चिकित्सालय और एक प्राथमिक स्वास्थ्य केंद्र भी शामिल है। यह चिकित्सालय अत्याधुनिक उपकरणों से लैस है।

शंकरनारायण में नेत्र चिकित्सालय की स्थापना की परिकल्पना मूलत: शंकरनारायण कंस्ट्रक्शन (एसएनसी) प्राइवेट लिमिटेड के कार्यकारी अध्यक्ष डॉ. एन सीताराम शेट्टी द्वारा सीएसआर पहल के तहत की गई थी। इसे उनके बड़े भाई स्व. डॉ. भुजंग शेट्टी, जो नारायण नेत्रालय ग्रुप ऑफ हॉस्पिटल्स के संस्थापक थे, ने महत्त्वपूर्ण समर्थन दिया था। भूमिपुत्र आर्किटेक्चर के प्रबंध निदेशक एवं डॉ. एन सीताराम शेट्टी के पुत्र आलोक शेट्टी इसके आर्किटेक्ट हैं। चिकित्सालय का उद्घाटन एसएनसी के संस्थापक सी. नारायण शेट्टी की 100वीं जयंती के अवसर पर किया गया। डॉ. एन सीताराम शेट्टी ने कहा, 'यह चिकित्सालय सामाजिक जिम्मेदारी की उनकी स्थायी विरासत का प्रमाण है।' उन्होंने कहा, 'लोगों को अपने और समुदाय के लिए एक स्वस्थ भविष्य सुनिश्चित करने के वास्ते इस निःशुल्क, उच्च गुणवत्ता वाली स्वास्थ्य सेवा का लाभ उठाने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है।' इस अवसर पर नारायण हैल्थ के चेयरमैन डॉ. देवी प्रसाद शेट्टी, मणिपाल हॉस्पिटल्स के चेयरमैन डॉ. एच सुदर्शन बल्लाल और अन्य गणमान्य लोग मौजूद थे।



# ‘आने वाले दिनों में यह खतरा और भी गंभीर होने वाला है’, अमित शाह ने किया आगाह

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जोधपुर। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह रविवार को भारत–पाक सीमा से 300 किलोमीटर दूर प्रशिक्षण शिविर में आयोजित बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस समारोह में पहुंचे। यहां उन्होंने एक खतरे के प्रति आगाह करते हुए कहा कि आने वाले दिनों में यह और गंभीर होने वाला है। केंद्रीय गृह मंत्री अमित शाह ने बीएसएफ के 60वें स्थापना दिवस पर आयोजित समारोह में जवानों को संबोधित किया। भारत–पाकिस्तान सीमा से लगभग 300 किलोमीटर दूर प्रशिक्षण शिविर में आयोजित इस समारोह में शाह ने कहा कि लेजर से लैस ड्रोन रोधी गन–माउंटेड के शुरुआती नतीजे प्रभावशाली रहे हैं।इससे पंजाब में भारत–पाकिस्तान सीमा पर ड्रोन को निष्क्रिय करने और उनका पता लगाने की क्षमता तीन से 55 प्रतिशत तक बढ़ी है।

शाह ने कहा कि आने वाले दिनों में ड्रोन का खतरा और भी गंभीर होने वाला है। हम इससे निपटने के लिए पूरे भारत के दृष्टिकोण को ध्यान में रखते हुए रक्षा तथा अनुसंधान संगठनों और रक्षा अनुसंधान एवं विकास संगठन (डीआरडीओ) के साथ मिलकर काम कर रहे हैं। कहा कि हम आने वाले समय में देश के लिए एक बृहद ड्रोन रोधी इकाई बनाने जा रहे हैं। आधिकारिक आंकड़ों के अनुसार पाकिस्तान से सटी भारत की सीमा पर इस वर्ष 260 से अधिक ड्रोन गिराए गए या बरामद किए गए हैं, जबकि 2023 में यह आंकड़ा 110 ड्रोन का था। हथियार तथा मादक पदार्थ तस्करी के लिए इस्तेमाल किए गए ड्रोन सबसे अधिक पंजाब और कुछ राजस्थान तथा जम्मू में मार गिए या बरामद गए। गृह मंत्री ने परेड की समीक्षा की, सलामी ली और वीरता पुरस्कार विजेताओं को पदक और कुछ अन्य अलंकरण प्रदान किए।

बीएसएफ की स्थापना एक दिसंबर 1965 को की गई थी, जिसमें फिलहाल 2.65 लाख जवान हैं। मुख्य रूप से इसका काम देश के आंतरिक सुरक्षा क्षेत्र में विभिन्न प्रकार के कर्तव्यों के निर्वहन के साथ–साथ पाकिस्तान और बांग्लादेश के साथ 6,300 किलोमीटर से अधिक की भारतीय सीमा की सुरक्षा करना है।

शाह ने कहा कि पाकिस्तान (2,289 किलोमीटर) और बांग्लादेश (4,096 किलोमीटर) से सटी भारतीय सीमाओं की सुरक्षा के लिए शुरू की गई एकीकृत सीमा प्रबंधन प्रणाली (सीआईबीएमएस) पर काम प्रगति पर है। उन्होंने कहा, ‘‘हमें असम के धुबरी (भारत–बांग्लादेश अंतरराष्ट्रीय सीमा) में नदी सीमा पर स्थापित सीआईबीएमएस के प्रभावशाली परिणाम देखने को मिल रहे हैं, लेकिन कुछ सुधार की जरूरत है।’’ गृह मंत्री ने यह भी कहा कि उत्तरी सीमाओं पर बसी आबादी के विकास और उसे मुख्यधारा में लाने के लिए मोदी सरकार के ‘वाइब्रेंट विलेज प्रोग्राम’ को देश के सभी सीमावर्ती गांवों के लिए लागू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि 48,000 करोड़ रुपये की निधि आवंटित करने के साथ सीमा सुरक्षा को बढ़ाना और इन दूरदराज के इलाकों में रहने वाली आबादी के लिए काम करना मोदी सरकार की सबसे बड़ी उपलब्धि है। अमित शाह ने कहा इस पहल के तहत लगभग 3,000 गांवों में प्रायोगिक आधार पर काम किया जा रहा है। शाह ने कहा कि केंद्र सरकार ने भारत की सीमाओं को मजबूत करने के लिए बड़ा बजट मंजूर किया है जिसके तहत बाड़ लगाने, सीमावर्ती बुनियादी ढांचा, सड़कें और अन्य रसद से जुड़े काम किए गए हैं। बिना सुरक्षा बलों के भारत के लिए 2047 तक नंबर–एक देश बनना संभव नहीं है। वे जवान जो समर्पण के साथ हमारी सीमाओं की रक्षा करते हैं। शाह ने बताया कि मोदी सरकार ने 1,812 किलोमीटर सड़कों के अलावा लगभग 573 नयी सीमा चौकियां बनाई हैं।

बीएसएफ के महानिदेशक (डीजी) दलजीत सिंह चौधरी ने कहा कि 13,226 नए प्रशिक्षित जवानों को विभिन्न बटालियनों में तैनात किया गया है और इससे बल की संचालन ताकत बढ़ेगी। उन्होंने कहा कि नए भर्ती किए गए 4,000 अतिरिक्त जवान प्रशिक्षण ले रहे हैं। लगभग 12,000 जवान अगले माह सीमा पर तैनात होने से पहले सुरक्षा और युद्ध कौशल सीखने के लिए बल में शामिल होंगे। चौधरी ने हथियार और मादक पदार्थ तस्करी के लिए पाकिस्तान सीमा से भेजे जा रहे ड्रोन की बढ़ती संख्या के बारे में भी बात की। उन्होंने कहा कि इस साल पश्चिमी सीमा पर 250 से अधिक ड्रोन को रोका गया।

# स्कूली बस पलटने से तीन बच्चियों की मौत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। राजस्थान के राजसमंद जिले के चारभुजा थाना क्षेत्र में रविवार सुबह एक अनियंत्रित बस के पलट जाने से उसमें सवार तीन स्कूली बच्चियों की मौत हो गई जबकि 25 अन्य बच्चे घायल हो गये। हादसे पर राज्यपाल हरिभाऊ बागडे और मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा ने दुख जताया है। जिला पुलिस अधीक्षक (एसपी) मनीष त्रिपाठी ने बताया कि आमेट के महात्मा गांधी स्कूल के विद्यार्थी बस से पिकनिक के लिये देसूरी (पाली) में परशुराम महादेव मंदिर जा रहे थे। बस में 62 बच्चे और छह अध्यापक सवार थे।

उन्होंने बताया कि देसूरी नाले के पास बस अनियंत्रित होकर पलट गई जिससे बस में सवार तीन लड़कियों की मौत हो गई । त्रिपाठी ने बताया कि हादसे में 25 बच्चे घायल हो गये जिन्हें अस्पताल में भर्ती करवाया गया है।

एसपी ने बताया कि इसके अलावा बस में सवार बच्चों समेत 37 अन्य को मामूली चोटें आई थी जिन्हें प्राथमिक उपचार के बाद घर भेज दिया गया। उन्होंने बताया कि पोस्टमार्टम के बाद शव परिजनों को सौंप दिये गये। इस संबंध में बस चालक के खिलाफ मामला दर्ज कर जांच की जा रही है। थानाधिकारी गोवर्धन सिंह ने बताया कि हादसे में तीन छात्राओं की मौके पर मौत हो गई जिनकी पहचान प्रीति (12), आरती (13) और अनीता (14) के रूप में की गई है।

राज्यपाल बागड़े ने एक बयान में पाली जिले के देसूरी नाले में हुई सड़क दुर्घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। बयान के मुताबिक, उन्होंने ईश्वर से मृतकों की पुण्यात्मा की शांति और शोक संतप्त परिजनों को यह दुःख सहन करने की शक्ति प्रदान करने की कामना की है। राज्यपाल ने हादसे में घायलों के जल्द स्वस्थ होने की भी कामना की है। वहीं, मुख्यमंत्री शर्मा ने सोशल मीडिया मंच ‘एक्स’ पर किए गए पोस्ट में कहा कि देसूरी नाले में हुई दुर्घटना में छात्राओं की मृत्यु का समाचार सुनकर उनका मन अत्यंत व्यथित है।

उन्होंने कहा कि इस दुर्घटना की सूचना मिलते ही जिला प्रशासन के अधिकारियों को घायल बच्चों का समुचित एवं त्वरित उपचार सुनिश्चित करने के लिए आवश्यक निर्देश दिए गए हैं। मुख्यमंत्री ने कहा, प्रभु राम से प्रार्थना है कि दिवंगत पुण्यात्माओं को अपने श्रीचरणों में स्थान एवं घायल बच्चों को अतिशीघ्र स्वास्थ्य लाभ प्रदान करें।



# अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है सरकार : बेढम

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। रविवार को प्रदेश के गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने राजसमंद जिला पुलिस अधीक्षक कार्यालय, राजसमंद में पुलिस अधिकारियों के साथ बैठक कर जिले की कानून व्यवस्था की स्थिति का गहन समीक्षा की। बैठक में कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ और राजसमंद विधायक श्रीमती दीप्ति माहेश्वरी भी उपस्थित थे। साथ ही जिला कलेक्टर बालमुकुंद असावा, एसपी मनीष त्रिपाठी, एडिशनल एसपी महेंद्र पारीक, एडिशनल एसपी (महिला सेल) रजत सहित समस्त पुलिस उपाधीक्षक मौजूद रहे।

गृह राज्य मंत्री बेढम ने विभिन्न अपराधों जैसे लूट, हत्या, डकैती, मारपीट, चोरी, मादक पदार्थों की तस्करी, मानव तस्वरी आदि के प्रकरणों की समीक्षा की। इसके साथ ही महिलाओं के विरुद्ध होने वाले विभिन्न प्रकार के अपराध में दर्ज प्रकरण की स्थिति को देखा। साथ ही साइबर क्राइम को लेकर भी विशेष रूप से सजग रहने और लोगों को जागरूक करने के निर्देश दिए। इसी प्रकार से बैठक में सड़क हादसों और उनकी रोकथाम के उपायों, आपराधिक घटनाओं पर कड़ी निगरानी और त्वरित कार्रवाई को लेकर निर्देश दिए। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा के लिए विशेष रूप से सजग रहने पर जोर दिया गया। पुलिस संसाधनों और जनशक्ति को मजबूत करने के मुद्दे पर भी चर्चा की गई।

गृह राज्य मंत्री जवाहर सिंह बेढम ने कहा कि राज्य में कानून व्यवस्था बनाए रखना सरकार की सर्वोच्च प्राथमिकता है। पुलिस को निर्देश दिए गए हैं कि अपराधों पर तुरंत कार्रवाई करें और जनता के साथ मित्रवत व्यवहार करें। महिलाओं और बच्चों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए विशेष ध्यान दिया जाएगा। उन्होंने कहा कि राजस्थान सरकार अपराधियों के विरुद्ध जीरो टॉलरेंस की नीति पर काम कर रही है।

मंत्री बेढम ने कहा कि आम जनजीवन में पुलिस का महत्व अत्यंत महत्वपूर्ण है, क्योंकि यह समाज में कानून और व्यवस्था बनाए रखने की मुख्य जिम्मेदारी निभाती है। पुलिस का कार्य न केवल अपराधों की रोकथाम और जांच करना है, बल्कि नागरिकों को सुरक्षा का अहसास दिलाना भी है। उनकी उपस्थिति समाज में अनुशासन और कानून के प्रति सम्मान बनाए रखने में सहायक होती है। पुलिस यातायात नियंत्रण, आपदा प्रबंधन, और सामाजिक समस्याओं के समाधान में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है, जिससे जनजीवन सुचारू रूप से चलता रहता है।

इसके अतिरिक्त, पुलिस आम जनता के अधिकारों और स्वतंत्रता की रक्षा करने में भी महत्वपूर्ण भूमिका निभाती है। महिलाओं, बच्चों, और कमजोर वर्गों की सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पुलिस विशेष कदम उठाती है। किसी भी आपातकालीन स्थिति, जैसे दुर्घटनाओं, दंगों, या प्राकृतिक आपदाओं में पुलिस तुरंत सक्रिय होकर राहत और बचाव कार्य करती है। पुलिस और जनता के बीच आपसी सहयोग से एक सुरक्षित और सशक्त समाज का निर्माण होता है, जो विकास और शांति के लिए अनिवार्य है।

कुंभलगढ़ विधायक सुरेंद्र सिंह राठौड़ ने कहा कि हमारा उद्देश्य है कि जिले में पर्यटकों और स्थानीय नागरिकों की सुरक्षा को सर्वोत्तम स्तर पर सुनिश्चित किया जाए। पुलिस प्रशासन को हरसंभव सहयोग दिया जाएगा। विधायक राठौड़ ने जिला पुलिस द्वारा जिले भर में अपराध नियंत्रण और सुरक्षा व्यवस्था को लेकर की गई त्वरित और प्रभावी कार्रवाइयों की सराहना की।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी राजस्थान वैश्विक निवेशक सम्मेलन 2024 का उद्घाटन करेंगे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

नयी दिल्ली/जयपुर। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी सोमवार को राजस्थान में ‘राइजिंग राजस्थान वैश्विक निवेशक सम्मेलन’ 2024 का उद्घाटन करेंगे और इस दौरान वह मुख्य अतिथि के रूप में इस कार्यक्रम को संबोधित भी करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय (पीएमओ) ने रविवार को एक बयान में यह जानकारी दी। राजस्थान में निवेशक सम्मेलन का उद्घाटन करने के बाद प्रधानमंत्री हरियाणा के पानीपत में जीवन बीमा निगम की बीमा सखी योजना की शुरुआत करेंगे और फिर महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर का शिलान्यास करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने कहा, ‘‘प्रधानमंत्री राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इन्वेस्टमेंट समिट 2024 और राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो का उद्घाटन करेंगे।’’ जयपुर प्रदर्शनी और कन्वेंशन सेंटर (जेईसीसी) में नौ से 11 दिसंबर तक आयोजित होने जा रहे निवेशक शिखर सम्मेलन का विषय ‘परिपूर्ण, जिम्मेदार, तैयार’ है।



शिखर सम्मेलन जल सुरक्षा, टिकाऊ खनन, टिकाऊ वित्त, समावेशी पर्यटन, कृषि–व्यवसाय नवाचारों और महिलाओं के नेतृत्व वाले स्टार्टअप के विषयों पर 12 क्षेत्रीय विषयगत सत्रों की मेजबानी करेगा। इन तीन दिनों के दौरान प्रवासी राजस्थान सम्मेलन और एमएसएमई सम्मेलन भी आयोजित किया जाएगा। पीएमओ ने कहा कि राजस्थान ग्लोबल बिजनेस एक्सपो में ‘राजस्थान पैवेलियन’, ‘कंट्री पवेलियन’, ‘स्टार्टअप्स पैवेलियन’ जैसे विषयगत मंडप होंगे। शिखर सम्मेलन में 16 भागीदार देशों और 20 अंतरराष्ट्रीय संगठनों सहित 32 से अधिक देश भाग लेंगे। पीएमओ ने कहा कि महिला सशक्तीकरण और वित्तीय समावेश के प्रति अपनी प्रतिबद्धता के अनुरूप, प्रधानमंत्री पानीपत में ’बीमा सखी योजना’ की शुरुआत करेंगे।

भारतीय जीवन बीमा निगम की यह पहल 18–70 वर्ष की आयु की महिलाओं को सशक्त बनाने के लिए तैयार की गई है। प्रधानमंत्री भावी बीमा सखियों को नियुक्ति प्रमाणपत्र भी वितरित करेंगे। कार्यक्रम के दौरान प्रधानमंत्री करनाल में महाराणा प्रताप बागवानी विश्वविद्यालय के मुख्य परिसर की आधारशिला भी रखेंगे। मुख्य परिसर और छह क्षेत्रीय अनुसंधान केन्द्र 495 एकड़ में फैले हुए हैं, जिन्हें 700 करोड़ रुपये से अधिक की लागत से स्थापित किया जाएगा। विश्वविद्यालय में स्नातक और स्नातकोत्तर अध्ययन के लिए बागवानी का एक कॉलेज होगा और 10 बागवानी विषयों को कवर करने वाले पांच स्कूल होंगे।



# लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी जयपुर पहुंचे

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

जयपुर। लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी खेड़ा पति बालाजी (सामोद) आश्रम धाम में आयोजित किए जा रहे कांग्रेस के ‘नेतृत्व संगम’ (प्रशिक्षण शिविर) में भाग लेने के लिए रविवार सुबह एक दिवसीय दौरे पर यहां पहुंचे। पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत, कांग्रेस की प्रदेश इकाई के अध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, उपनेता प्रतिपक्ष रमेश मीणा ने जयपुर हवाई अड्डे पर गांधी का स्वागत किया।

पार्टी के कार्यक्रम के अनुसार गांधी प्रशिक्षण शिविर में पहुंचेंगे और अपराह्न तीन बजे जयपुर हवाई अड्डे के लिए रवाना होंगे। वह ‘नेतृत्व संगम’ में कांग्रेस कार्यकर्ताओं को संबोधित करेंगे। कांग्रेस का यह प्रशिक्षण शिविर हर साल आयोजित किया जाता है। दो साल पहले माउंट आबू में भी यह प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया था।

पार्टी नेताओं के अनुसार, इस प्रशिक्षण शिविर में देशभर से कांग्रेस के चुनिंदा नेता भाग ले रहे हैं। प्रदेश के कांग्रेस नेताओं को प्रशिक्षण शिविर में शामिल होने की अनुमति नहीं है।

कांग्रेस प्रदेशाध्यक्ष गोविंद सिंह डोटासरा, नेता प्रतिपक्ष टीकाराम जूली, पूर्व मुख्यमंत्री अशोक गहलोत समेत वरिष्ठ नेता उनके साथ प्रशिक्षण सत्र में नहीं जाएंगे। कांग्रेस के इस प्रशिक्षण शिविर में कार्यकर्ताओं को पार्टी की मूल विचारधारा के बारे में प्रशिक्षण दिया जाएगा।



# उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान : प्रमुख शासन सचिव ने आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को पिलाई दवा

जयपुर। चिकित्सा एवं स्वास्थ्य विभाग की प्रमुख शासन सचिव गायत्री राठौड़ ने रविवार को गांधीनगरङ्क स्थित शहरी आयुष्मान आरोग्य मंदिर में बच्चों को पोलियो की दवा पिलाकर उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान का राज्य स्तरीय शुभारम्भ किया। राठौड़ ने कहा कि भारत में वर्ष 1995 में पल्स पोलियो अभियान की शुरूआत की गई।जनवरी 2011 के पश्चात गत 13 वर्षों में कोई भी पोलियो का नया केस भारत में नही पाया गया। मार्च 2014 को भारत को पल्स पोलियो मुक्त होने का प्रमाण पत्र मिल चुका है, लेकिनपाकिस्तान में 55 व अफगानिस्तान में 23 पोलियो के केस पाये गये हैं। इसे देखते हुए केंद्र सरकार ने देशभर में उप राष्ट्रीय पल्स पोलियो अभियान आयोजित किया है। इस अभियान के तहत प्रदेश में 39 जिलों में जन्म से 5 वर्ष तक के करीब 87.50 लाख बच्चों को पोलियो की दवा पिलाई जा रही है। अभियान के सफल आयोजन के लिए 46,887 पोलियो बूथ स्थापित किये गये हैं तथा 59,936 टीमे बनाई गई हैं।



# ओम बिरला ने अपने संसदीय क्षेत्र बूंदी के विकास को लेकर जताई प्रतिबद्धता

बूंदी/दक्षिण भारत। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला रविवार को अपने संसदीय क्षेत्र बूंदी पहुंचे। यहां पहुंचकर उन्होंने स्थानीय लोगों से मुलाकात की। साथ ही बूंदी के विकास और रामगढ़ जिले के पशु अभ्यारण्य में हो रहे विकास की बातें भी साझा कीं। ओम बिरला ने मीडिया से कहा, बूंदी बहुत अच्छा पर्यटन स्थल है। यहां वर्षों से देश–विदेश के पर्यटक आते हैं। हम यह देख रहे हैं कि यहां के पर्यटन को बढ़ावा देने के लिए और क्या चीज विकसित की जा सकती है। यहां के किले, पुरातत्व संपदा पहले से ही बेहतर हैं। आने वाले समय में यहां के जितने किले हैं उनके गेट बनाने की योजना बन चुकी है। आने वाले समय में बूंदी एक बेहतरीन पर्यटन स्थल होगा।


उन्होंने बताया कि यहां नौकायन शुरू हो चुका है। रामगढ़ में जंगल सफारी भी शुरू हो चुकी है। आने वाले समय में रामगढ़ का जंगल देश का सर्वश्रेष्ठ अभ्यारण्य होगा। हर अभ्यारण्य को विकसित होने में 15 से 20 साल का समय लगता है। जिस तरीके से यह विकसित हो रहा है,आने वाले समय में इसे 15 से 20 साल लग सकते हैं। जंगली जानवरों के लिए भी यह स्थान सर्वश्रेष्ठ है।

लोकसभा अध्यक्ष ने बताया कि वह जयपुर जाते समय बीच रास्ते में लोगों से बात करने के लिए यहां रुके हैं और अपने संसदीय क्षेत्र के लोगों की समस्याएं जानेंगे। साथ ही कैसे बेहतर तरीके से बूंदी का विकास कर सकते हैं, इस पर भी लोगों से चर्चा करेंगे। शहर की नवल सागर झील के विकास की योजना भी बन रही है।



मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के जोधपुर पहुंचने पर एयरपोर्ट पर उप मुख्यमंत्री डॉ. प्रेमचंद बैरवा सहित राज्य मंत्रिपरिषद के सदस्यों, विधायकों, स्थानीय जनप्रतिनिधियों एवं उच्चाधिकारियों ने स्वागत किया।

# ओडिशा के मुख्यमंत्री ने धान किसानों को 800 रुपए की लागत सहायता का वितरण शुरू किया



दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**भुवनेश्वर/भाषा।** ओडिशा के मुख्यमंत्री मोहन चरण माझी ने रविवार को राज्य के किसानों के लिए धान के 2,300 रुपए प्रति क्विंटल के न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) के अलावा 800 रुपए की अतिरिक्त लागत सहायता का वितरण आरंभ किया। राज्य सरकार ने रविवार को प्रत्यक्ष लाभ अंतरण (डीबीटी) के माध्यम से 16,000 से अधिक किसानों को 66 करोड़ रुपए की अतिरिक्त लागत सहायता का भुगतान किया।

बारगढ़ जिले के सोहेला में एक जनसभा को संबोधित करते हुए माझी ने कहा, ''आज का दिन ओडिशा के लिए ऐतिहासिक होगा। किसानों के लिए यह दिन स्वर्ण अक्षरों में लिखा जाएगा क्योंकि सरकार ने उनके धान का सही मूल्य दिलाने के लिए उन तक पहुंच बनाई है।'' उन्होंने कहा कि किसानों को सम्मान देने के लिए सरकार ने राज्य के किसानों को प्रति क्विंटल धान के 2,300 रुपए के एमएसपी के अलावा 800 रुपए की अतिरिक्त लागत सहायता देना शुरू किया है। उन्होंने कहा, ''किसानों के लिए इस पहल की शुरुआत करके मुझे बहुत खुशी हो रही है।''

मुख्यमंत्री ने कहा कि सरकार ने अतिरिक्त सब्सिडी के वितरण को शुरू करने के लिए सोहेला को चुना है क्योंकि इस क्षेत्र को किसानों का केंद्र माना जाता है। माझी ने आरोप लगाया कि पूर्व मुख्यमंत्री नवीन पटनायक ने 2016 में किसानों को 100 रुपए का बोनस देने का झूठा वादा किया था। उन्होंने कहा, ''पिछली सरकार बिचौलियों के माध्यम से किसानों का शोषण कर रही थी। उसने धान किसानों को 100 रुपए का बोनस देने का वादा किया था, लेकिन इसे कभी लागू नहीं किया। झूठे वादे का करारा जवाब देने के लिए मैं आज यहां सहायता वितरित करने आया हूं।'' मुख्यमंत्री ने कहा, ''भाजपा ने अपने चुनावी घोषणापत्र में किसानों से 3,100 रुपए प्रति क्विंटल की दर से धान खरीदने का वादा किया था। आज यह वादा पूरा हो गया।'' माझी ने कहा कि शपथ लेने के एक घंटे के भीतर ही उन्होंने मंत्रिमंडल की पहली बैठक बुलाई और धान किसानों को 800 रुपए प्रति क्विंटल सहायता राशि देने समेत कई महत्वपूर्ण फैसले लिए। उन्होंने दावा किया कि पिछली सरकार अपने 24 साल के शासन में जो काम करने में विफल रही, उसे भाजपा सरकार ने छह महीने के भीतर लागू कर दिया। खरीफ सीजन के लिए धान की खरीद 20 नवंबर को शुरू हुई और अब तक 21,500 से अधिक किसानों ने सरकार को अपना धान बेचा है।

## देश के हितों के लिए सैन्य ही नहीं, विशेषज्ञों की 'सिविलियन आर्मी' की भी जरूरत : न्यायमूर्ति सूर्यकांत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**गांधीनगर/भाषा।** उच्चतम न्यायालय के न्यायाधीश सूर्यकांत ने कहा कि ''आर्थिक, राजनीतिक, कानून के शासन और सुशासन'' के क्षेत्र में आगे बढ़ रहे राष्ट्र को न केवल ''सेना'' की आवश्यकता है, बल्कि विशेषज्ञों की एक ''सिविलियन आर्मी'' की भी आवश्यकता है, जो देश के अंदर और बाहर दोनों जगह इसके हितों की लगन और बुद्धिमत्ता से देखभाल करे।

राष्ट्रीय रक्षा विश्वविद्यालय में विधि छात्रों की अंतरराष्ट्रीय प्रतियोगिता के समापन सत्र को संबोधित करते हुए न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा कि विधि का क्षेत्र ''पूर्णता'' नहीं बल्कि दृढ़ता, जिज्ञासा और निष्पक्षता एवं समानता के आदर्शों के प्रति प्रतिबद्धता की मांग करता है। न्यायमूर्ति सूर्यकांत ने कहा, ''आर्थिक, राजनीतिक, लोकतांत्रिक, विधि-सम्मत शासन और सुशासन की दृष्टि से आगे बढ़ रहे राष्ट्र को न केवल सेना की आवश्यकता है, बल्कि सैन्य गुणों से युक्त सादे कपड़े में रहने वाले विशेषज्ञों की आवश्यकता है।'' उन्होंने कहा, ''चाहे आप विधि स्नातक हों, आपराधिक कानून या अंतरराष्ट्रीय कानून के विशेषज्ञ हों, चाहे आप प्रोफेसर हों या वैज्ञानिक या इंजीनियर हों, या किसी अन्य जिम्मेदार पद पर हों, आप उस नागरिक सेना का हिस्सा बन जाते हैं जो बहुत सावधानी से, बुद्धिमानी से और लगन से राष्ट्र के भीतर एवं बाहर हितों की देखभाल करती है।''

## इंफाल में पुलिस ने अपहरण की कोशिश नाकाम की, उग्रवादी को पकड़ा

**इंफाल/भाषा।** मणिपुर पुलिस ने इंफाल के थंगल बाजार इलाके में अपहरण की कोशिश नाकाम करते हुए दो लोगों को बचा लिया। रविवार को पुलिस ने एक बयान में यह जानकारी दी। बयान में कहा गया कि इस घटना के सिलसिले में प्रतिबंधित सगंठन कांगलीपाक कम्युनिस्ट पार्टी (ताइबांगनगांबा) से जुड़े उग्रवादी तेनसुबाम बंगकिम को शनिवार को इंफाल पश्चिम जिले से पकड़ा गया। इसमें कहा गया कि उग्रवादी के पास से नौ एमएम की एक पिस्तौल, सात कारतूस और एक चार पहिया वाहन भी जब्त किया गया। हालांकि, पुलिस ने बयान में अपहरण की कोशिश और इसे कैसे नाकाम किया गया इस बारे में कोई विवरण नहीं दिया। बयान में कहा गया कि इस बीच, सुरक्षा बलों ने शनिवार को कांगपोकपी जिले के एल जंगनोमफाई इलाके में तलाशी अभियान चलाया और भारी मात्रा में हथियार और गोला-बारूद जब्त किया।



## बांग्लादेश की स्थिति को लेकर पश्चिम बंगाल में विरोध प्रदर्शन, ढाकाई साड़ियों में आग लगाई गई

**कोलकाता/भाषा।** बांग्लादेश में हिंदू अल्पसंख्यकों पर कथित अत्याचार को लेकर रविवार को पश्चिम बंगाल के विभिन्न हिस्सों में विरोध प्रदर्शन हुए। कोलकाता, कांथी, काकद्वीप, संदेशखलि और पुरुलिया में हिंदुवादी समूहों द्वारा आयोजित विरोध रैलियों में सैकड़ों लोग शामिल हुए और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की तत्काल रिहाई की मांग की गई। कोलकाता के पास साल्ट लेक इंटरनेशनल बस टर्मिनल के बाहर प्रदर्शन में शामिल प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेश की ढाकाई जामदानी साड़ियों को आग लगा दी। प्रदर्शनकारियों ने बांग्लादेशी सामानों के बहिष्कार का आह्वान किया तथा चेतावनी दी कि यदि तिरंगे का अपमान और हिंदुओं पर हमले जारी रहे तो भारतीय चुप नहीं बैठेंगे। एक प्रदर्शनकारी ने कहा, ''हम बांग्लादेश में हिंदुओं को लगातार निशाना बनाए जाने और भारत के खिलाफ नफरत से प्रेरित बयानों की निंदा करते हैं। हम चुप नहीं बैठेंगे और जामदानी साड़ियों को जलाने के साथ ही हम लोगों से बांग्लादेशी उत्पादों का बहिष्कार करने का आग्रह करते हैं।''

## शौचालय के पाइप में फंसा मिला छह महीने का मानव भ्रूण

**गाजियाबाद (उप्र)/भाषा।** गाजियाबाद में रविवार को शौचालय के पाइप में फंसा छह महीने का मानव भ्रूण बरामद किया गया। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मकान मालिक देवेंद्र उर्फ देवा ने पाइप तोड़कर भ्रूण को बाहर निकाला। सूचना मिलने पर इंदिरापुरम पुलिस मौके पर पहुंची और मकान मालिक से पूछताछ की। देवेंद्र ने पुलिस को बताया कि आज सुबह पानी जमा होने के कारण पाइप कट गया था और कटे पाइप के अंदर देखा तो उसमें मानव भ्रूण फंसा मिला। देवेंद्र ने पुलिस को यह भी बताया कि उसके घर में नौ किराएदार रह रहे हैं। पुलिस ने उन सभी से पूछताछ की है। कानूनी कार्रवाई पूरी करने के बाद भ्रूण को सुरक्षित रख लिया गया है। सहायक पुलिस आयुक्त (इंदिरापुरम) स्वतंत्र कुमार सिंह ने बताया कि किराएदारों का डीएनए कराया जाएगा और भ्रूण के डीएनए से उसका मिलान किया जाएगा।

## होटल में समय बर्बाद नहीं करें, वैकल्पिक अभ्यास सत्रों के लिए जगह नहीं : गावस्कर



**एडिलेड/भाषा।** महान बल्लेबाज सुनील गावस्कर ने भारत से गुलाबी गेंद के टेस्ट के जल्दी खत्म होने के बाद अपने होटल के कमरों में समय बर्बाद नहीं करने और दो अतिरिक्त दिनों का उपयोग अभ्यास में पसीना बहाकर करने का आग्रह किया है ताकि वे तीसरे मैच में वापसी कर सकें। बॉर्डर गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट में 10 विकेट से हार से भारत की कमजोरी पूरी तरह उजागर हो गई। मैच ढाई दिन से भी कम समय में समाप्त हो गया जबकि ऑस्ट्रेलिया ने वापसी करते हुए पांच मैचों की श्रृंखला 1-1 से बराबर कर ली। गावस्कर ने आधिकारिक प्रसारक से कहा, ''श्रृंखला के बचे हिस्से को तीन मैचों की श्रृंखला के रूप में देखें। भूल जाइए कि यह पांच टेस्ट मैचों की श्रृंखला थी। मैं चाहूंगा कि भारतीय टीम अगले कुछ दिनों का उपयोग अभ्यास के लिए करे। '' उन्होंने कहा, ''यह बहुत महत्वपूर्ण है। आप अपने होटल के कमरे में या जहां भी जा रहे हैं, वहां बैठे नहीं रह सकते क्योंकि आप यहां क्रिकेट खेलने आए हैं। '' गावस्कर ने कहा, ''आपको पूरे दिन अभ्यास करने की जरूरत नहीं है। आप सुबह या दोपहर में जो भी समय चाहें अभ्यास कर सकते हैं। लेकिन इन दिनों को बर्बाद नहीं करें। अगर टेस्ट मैच पांच दिनों तक चलता तो आप यहां टेस्ट मैच खेल रहे होते। ''

## आईटीसी ने औषधीय, सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ाया

**सीहोर (मध्य प्रदेश)/भाषा।** आईटीसी का कृषि व्यवसाय विभाग खाद्य, व्यक्तिगत देखभाल और अन्य श्रेणियों में तेजी से बढ़ती मांग को पूरा करने के लिए औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती को प्रोत्साहित कर रहा है।

आईटीसी का कृषि विभाग किसानों के साथ काम कर रहा है और उन्हें मध्य प्रदेश में अश्वगंधा, तुलसी और कलौंजी तथा दक्षिणी राज्यों में हल्दी जैसी उच्च मांग वाली फसलों की खेती करने के लिए प्रोत्साहित कर रहा है।

आईटीसी के कृषि व्यवसाय विभाग के सीईओ एस गणेश कुमार ने पीटीआई-भाषा को बताया कि 'आईटीसी नेक्स्ट' रणनीति के तहत कंपनी ने वृद्धि और प्रतिस्पर्धात्मकता में तेजी के लिए अपने मूल्य-वर्धित कृषि उत्पादों (वीएएपी) को तेजी से बढ़ाने पर ध्यान केंद्रित किया है। उन्होंने बताया कि इस रणनीति के तहत कंपनी अश्वगंधा जैसे औषधीय और सुगंधित पौधों की खेती को बढ़ावा दे रही है।

आईटीसी के कृषि व्यवसाय प्रभाग ने मध्य प्रदेश में अपने औषधीय और सुगंधित पौधों के अर्क (एमएपीई) पहल कार्यक्रम के जरिये किसानों की आय में 25 से 30 प्रतिशत की वृद्धि की है।

किसानों के बीच इस पहल को बढ़ावा देने के लिए आईटीसी ने मध्य प्रदेश के सीहोर में 100 एकड़ का अत्याधुनिक जैविक प्रमाणित प्रायोगिक और प्रशिक्षण फार्म स्थापित किया है।

## महाकुंभ में 13,000 ट्रेनें चलाएगा रेलवे : वैष्णव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**प्रयागराज/भाषा।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव महाकुम्भ 2025 के लिए रेलवे की तैयारियों का जायजा लेने वाराणसी से रेल मार्ग से प्रयागराज पहुंचे। उन्होंने रविवार को यहां कहा कि श्रद्धालुओं की सुविधा के लिए रेलवे 3,000 विशेष और 10,000 नियमित ट्रेनों सहित करीब 13,000 ट्रेनें चलाएगा और करीब डेढ़ से दो करोड़ यात्रियों को ट्रेन यात्रा की सुविधा प्रदान की जाएगी।

पूर्वोत्तर रेलवे, उत्तर रेलवे और उत्तर मध्य रेलवे के अंतर्गत प्रयागराज में स्थित विभिन्न स्टेशनों का निरीक्षण करने के बाद रेल मंत्री ने पत्रकारों को बताया, मैंने गंगा नदी पर बने नए पुल का भी निरीक्षण किया जिसका उद्घाटन बहुत जल्द प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी करेंगे। यहां गंगा नदी पर 100 साल के बाद नया पुल बना है। उन्होंने कहा, आज मैंने व्यक्तिगत रूप से पांच स्टेशनों का निरीक्षण किया। इन स्टेशनों पर होल्डिंग एरिया बहुत अच्छे बने हैं जहां श्रद्धालु ट्रेन आने तक अच्छी तरह से बैठ सकेंगे। होल्डिंग एरिया और टिकटों में कलर कोडिंग का उपयोग किया गया है ताकि श्रद्धालु सही प्लेटफार्म पर पहुंच सकें और सही ट्रेन पकड़ सकें। अश्विनी वैष्णव ने कहा, पहली बार मोबाइल यूटीएस का उपयोग यहां किया जा रहा है जिसमें एक मोबाइल उपकरण धारक व्यक्ति यात्रियों को टिकट उपलब्ध कराएगा। इससे पूर्व, पुरी में भगवान जगन्नाथ की रथ यात्रा के दौरान इसका उपयोग किया गया था। रेल मंत्री ने कहा, महाकुम्भ के लिए प्रयागराज-वाराणसी मार्ग पर रेल का दोहरीकरण किया गया है। फाफामऊ-जंघई खंड का दोहरीकरण किया गया है।



## भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बनेगा: धर्मेंद्र प्रधान

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**जमशेदपुर/भाषा।** केंद्रीय शिक्षा मंत्री धर्मेंद्र प्रधान ने कहा कि भारत 2047 तक 30 लाख करोड़ डॉलर की अर्थव्यवस्था बन जाएगा।

प्रधान ने शनिवार को यहां 'एक्सएलआरआई-स्कूल ऑफ मैनेजमेंट के साल भर जारी रहने वाले प्लेटिनम जुबली समारोह के समापन समारोह में कहा कि दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती अर्थव्यवस्था भारत वर्तमान में पांचवें स्थान पर है और अगले तीन वर्षों में तीसरे स्थान पर पहुंच जाएगा। उन्होंने कहा, ''75 वर्ष पहले जब एक्सएलआरआई अस्तित्व में आया था, तब दुनिया आर्थिक मोर्चे पर भारत को जानती तक नहीं थी लेकिन आज हम तीन लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ दुनिया की सबसे तेजी से बढ़ती और पांचवीं सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था हैं।'' प्रधान ने कहा, ''हम अगले तीन वर्षों में पांच लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर के साथ तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था होंगे। हमारी अर्थव्यवस्था 2047 तक 30 लाख करोड़ अमेरिकी डॉलर तक बढ़ जाएगी।'' उन्होंने कहा, ''हमें धन और रोजगार सृजनकर्ता बनना होगा। हमारे पास लाखों रोजगार सृजन की क्षमता है। दुनिया डिजिटल सार्वजनिक बुनियादी ढांचे के लिए भारत की ओर देख रही है। दुनिया में 46 प्रतिशत डिजिटल लेनदेन हमारे देश में होते हैं। हम सेवा क्षेत्र में आत्मनिर्भर बन गए हैं।'' केंद्रीय शिक्षा मंत्री ने कहा कि नई शिक्षा नीति का उद्देश्य धन और रोजगार सृजन करना है।



## हिमंत ने ब्रह्मपुत्र नदी पर 12.20 किलोमीटर लंबे पुल के लिए 'भूमिपूजन' किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

**गुवाहाटी/भाषा।** असम के मुख्यमंत्री हिमंत विश्व शर्मा ने रविवार को ब्रह्मपुत्र नदी पर सुआलकुची और पलासबारी के बीच 12.20 किलोमीटर लंबे पुल का 'भूमिपूजन' किया। शर्मा ने कहा कि यह नदी के दोनों किनारों पर रहने वाले लोगों के लिए एक परिवर्तनकारी पुल होगा।

मुख्यमंत्री ने इस अवसर पर एक बैठक को संबोधित करते हुए कहा कि पुल का निर्माण जून 2028 तक पूरा करने का लक्ष्य रखा गया है। उन्होंने कहा कि सुआलकुची छोर पर आर्द्रभूमि को नुकसान न पहुंचाने के लिए पुल का एक हिस्सा एलिवेटेड कॉरिडोर भी होगा।

शर्मा ने कहा, ''यह पुल ब्रह्मपुत्र नदी के उत्तरी और दक्षिणी तटों तथा वहां के लोगों के बीच एक क्रांतिकारी बदलाव लाएगा। मैं उम्मीद करता हूं कि एक दिन हर उस जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर एक पुल होगा, जहां से यह नदी गुजरती है।'' उन्होंने राज्य के विभिन्न भागों में प्रमुख नदी पर सम्पर्क बढ़ाने के लिए चल रही विभिन्न परियोजनाओं और प्रस्तावित परियोजनाओं का विवरण भी साझा किया।

शर्मा ने कहा कि पिछले 10 वर्षों में शांति की वापसी ने राज्य के विकास को बढ़ावा दिया है, अन्य राज्यों के लोग भी असम के विकास की सराहना कर रहे हैं और बड़े पैमाने पर निवेश आकर्षित कर रहे हैं।

मुख्यमंत्री ने विधायकों से अपने निर्वाचन क्षेत्रों के विकास के लिए दूरदर्शिता और समर्पण के साथ काम करने का आग्रह किया, जिससे राज्य की विकास गाथा को और गति मिलेगी।

मुख्यमंत्री कार्यालय (सीएमओ) ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''शर्मा ने आज कामरूप जिले में ब्रह्मपुत्र नदी पर पलासबाड़ी-सुआलकुची पुल के लिए भूमि पूजन किया, जिसकी आधारशिला 14 अप्रैल, 2023 को माननीय प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी द्वारा रखी गई थी। ''

## सर्वसम्मति से चुना जाएगा 'इंडि' गठबंधन का नेता: तेजस्वी यादव

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**कोलकाता/भाषा।** राष्ट्रीय जनता दल (राजद) के नेता और बिहार के पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव ने रविवार को कहा कि तृणमूल कांग्रेस (टीएमसी) प्रमुख ममता बनर्जी समेत कोई भी वरिष्ठ नेता 'इंडि' गठबंधन का नेतृत्व कर सकता है, इसपर उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, हालांकि फैसला सर्वसम्मति से लिया जाना चाहिए।

बिहार विधानसभा में नेता प्रतिपक्ष यादव ने शहर के हवाई अड्डे पर संवाददाताओं से कहा, इंडिया गठबंधन ने इस मामले पर विचार नहीं किया है और सभी पक्षों के साथ चर्चा होनी है।

उन्होंने कहा, ममता बनर्जी गठबंधन करेंगी, तो उन्हें कोई आपत्ति नहीं है, लेकिन यह बात ध्यान रखनी चाहिए कि गठबंधन में भाजपा विरोधी कई वरिष्ठ नेता हैं, ऐसे में नेता चुनने के बारे में बैठकर बात करनी चाहिए और सामूहिक रूप से फैसला लेना चाहिए।

पूर्व उपमुख्यमंत्री तेजस्वी यादव से पूछा गया कि अगर पश्चिम बंगाल की मुख्यमंत्री ममता बनर्जी गठबंधन का नेतृत्व करें, तो क्या उसमें शामिल प्रमुख दल राजद समर्थन के लिए तैयार है, इसपर उन्होंने कहा, हमने अब तक भविष्य के नेतृत्व के मुद्दे पर सामूहिक रूप से कोई निर्णय नहीं लिया। लेकिन जब नेता और भविष्य के रोडमैप पर बात होगी, तो सर्वसम्मति से इस बारे में कोई भी फैसला लिया जाएगा।

## लखनऊ के प्रमुख स्थानों पर बम रखे होने की सूचना निकली अफवाह

**लखनऊ/भाषा।** उत्तर प्रदेश पुलिस को रविवार सुबह यहां तीन प्रमुख स्थानों पर बम होने की सूचना दी गई जिसके बाद इन स्थानों पर तलाशी ली गई लेकिन यह सूचना अफवाह निकली। अधिकारियों ने बताया कि सुबह करीब आठ बजे '112 नंबर' पर सूचना मिली कि हुसैनगंज मेट्रो स्टेशन, चारबाग रेलवे स्टेशन और आलमबाग बसअड्डे पर बम रखे गए हैं जिसके बाद सुरक्षाबलों को संभावित खतरे के बारे में सचेत किया गया और बम निरोधक दस्तों और खोजी कुत्तों की मदद से विशेष जांच अभियान चलाया गया।

## 'बुमराह दोनों छोर से गेंदबाजी नहीं कर सकतें, अन्य गेंदबाजों को भी जिम्मेदारी लेनी होगी'

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**एडिलेड/भाषा।** ऑस्ट्रेलिया के खिलाफ बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी (बीजीटी) के दिन-रात्रि दूसरे टेस्ट मैच को गंवाने के बाद भारतीय कप्तान रोहित शर्मा ने कहा कि जसप्रीत बुमराह भी इंसान है और हमेशा अपने दम पर पूरी गेंदबाजी का भार नहीं उठा सकते हैं।

रोहित ने बुमराह का साथ देने के लिए टीम के अन्य गेंदबाजों से अपना स्तर ऊंचा करने को कहा।

भारत दूसरे टेस्ट में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार गया । बुमराह ने इस दौरान ऑस्ट्रेलिया की पहली पारी में चार विकेट लिए।

रोहित ने मैच के बाद संवाददाता सम्मेलन में कहा, '' हम सिर्फ एक गेंदबाज के साथ नहीं खेल रहे हैं। अन्य गेंदबाज भी हैं जिन्हें जिम्मेदारी लेनी होगी और टीम के लिए काम करना होगा। चाहे वह (मोहम्मद) सिराज, हर्षित राणा, नितीश रेड्डी, आकाश दीप या प्रसिद्ध (कृष्णा) हों।''

भारतीय कप्तान ने गेंदबाजी विभाग में थोड़ी अनुभवहीनता की बात को स्वीकारते हुए उम्मीद जताई कि समय के साथ खिलाड़ियों का आत्मविश्वास बढ़ेगा। उन्होंने कहा, ''ये गेंदबाज अभी टेस्ट क्रिकेट में आए हैं, उन्हें आत्मविश्वास देना महत्वपूर्ण है। जब भी वे मैच खेलते हैं, तो उन्हें आत्मविश्वास देना महत्वपूर्ण है। हम योजना बनाते रहते हैं और चर्चा करते रहते हैं। लेकिन आप सुबह से शाम तक बुमराह से दोनों छोर से गेंदबाजी करने की उम्मीद नहीं कर सकते हैं।'' उन्होंने कहा, '' (सभी) गेंदबाजों को प्रबंधित करना बहुत महत्वपूर्ण है। हम ये सब एक दूसरे से चर्चा करते हैं। हम गेंदबाज से बात करते हैं और फिर निर्णय लेते हैं।''

रोहित ने कहा कि वह गेंदबाजों के कार्यभार प्रबंधन को बहुत गंभीरता से लेते हैं। उन्होंने कहा, ''जब भी वह (बुमराह) कोई स्पैल खत्म करता है तो मैं उससे (बुमराह) बात करता हूं। मैं पूछता हूं कि उसका शरीर कैसा महसूस कर रहा है। वह तरोताजा महसूस कर रहा है या नहीं? यह पांच मैचों की श्रृंखला है, हम चाहते हैं कि बुमराह सभी मैच खेले और तरोताजा रहे।''

# भारतीय क्रिकेट के लिए खराब रहा रविवार का दिन, तीनों राष्ट्रीय टीम हारी

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com



**नई दिल्ली/भाषा।** भारतीय क्रिकेट के लिए रविवार का दिन खराब रहा और उसकी तीनों राष्ट्रीय टीमों सीनियर पुरुष, महिला और अंडर-19 पुरुष टीम को अपने-अपने मैचों में शर्मनाक हार का सामना करना पड़ा।

रोहित शर्मा की अगुवाई वाली टीम को जहां एडिलेड में पांच मैचों की बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी के दूसरे टेस्ट मैच में ऑस्ट्रेलिया से 10 विकेट से हार का सामना करना पड़ा, वहीं भारतीय महिला टीम ब्रिस्बेन में खेले गए दूसरे वनडे में ऑस्ट्रेलिया से 122 रन के विशाल अंतर से हार गईं। ऑस्ट्रेलिया की महिला टीम ने इस तरह से तीन मैचों की श्रृंखला में 2-0 की अजेय बढ़त हासिल कर ली है।

भारत की सीनियर पुरुष टीम ने पर्थ में श्रृंखला का पहला मैच 295 रन से जीता था। इस तरह से बॉर्डर-गावस्कर ट्रॉफी अब 1-1 से बराबर हो गई है। तीसरा टेस्ट 14 दिसंबर से ब्रिस्बेन में खेला जाएगा।

भारत के लिए इस खराब दिन में इतना ही पर्याप्त नहीं था। दुबई में अंडर-19 एशिया कप के फाइनल में भारतीय अंडर-19 टीम बांग्लादेश से 59 रन से हार गई।

खिताब के प्रबल दावेदार भारत के सामने 199 रन का लक्ष्य था लेकिन उसकी पूरी टीम 35.2 ओवर में 139 रन पर आउट हो गई। बांग्लादेश इस तरह से अपने खिताब का बचाव करने में सफल रहा।

## सुविचार

**पैरों से कांटा निकल जाए तो चलने में मज़ा आता है, और मन से अहंकार निकल जाए तो जीवन जिने में मज़ा आता है।**

## दक्षिण भारत राष्ट्रमत

# राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक चेतना

इस साल ऑस्ट्रेलिया में आतंकवाद संबंधी विभिन्न घटनाओं में बड़ी संख्या में नाबालिगों का शामिल होना बताता है कि यह देश भविष्य में आंतरिक सुरक्षा से जुड़ीं गंभीर चुनौतियों का सामना कर सकता है। ऑस्ट्रेलिया ही नहीं, यूरोप के कई देश आज इस चुनौती का सामना कर रहे हैं। उनकी सरकारों ने बहु-सांस्कृतिक समाज बनाने और अत्यधिक उदारवादी दिखने की कोशिश में पाकिस्तान, बांग्लादेश, अफगानिस्तान, सीरिया, इराक, लीबिया, फिलिस्तीन जैसे देशों के लोगों को खूब 'शरण' दी। सरकारों का मानना था कि जो लोग आएंगे, वे समाज में घुलमिल जाएंगे। अब ये सरकारें अपने फैसलों पर पछताती होंगी। खासकर पाकिस्तानियों ने वहां जाकर जिस तरह उनके ताने-बाने को तहस-नहस किया, उससे स्थानीय लोगों में गहरा आक्रोश है। इन देशों की सरकारों को अपनी खुफिया एजेंसियों पर बड़ा नाज़ था। आज भी ये ऐसे बयान देती रहती हैं कि हम फलां जगह के घटनाक्रम पर करीब से नजर रख रहे हैं! यह अलग बात है कि ये एजेंसियां अपने ही देश में नजर रखना भूल गईं। अगर ये दुनिया पर गहरी नजर रखने के बजाय अपने चौक-चौराहों पर नजर रखतीं तो वहां कट्टरपंथ जड़ें नहीं जमाता। आज ऑस्ट्रेलिया समेत कई देशों में किशोर और नौजवान कट्टरपंथ से प्रभावित हो रहे हैं। इसमें इंटरनेट की बड़ी भूमिका है। ऐसे कई सोशल मीडिया चैनल बने हुए हैं, जहां कट्टरपंथ और आतंकवाद संबंधी वीडियो पोस्ट किए जाते हैं। कई बार वीडियो को फर्जी दावे के साथ इस तरह पेश किया जाता है, जिससे लोगों में भारी भ्रम फैलता है।

ऑस्ट्रेलियाई संघीय पुलिस ने पिछले चार वर्षों में नाबालिगों से जुड़े ऐसे 35 मामलों की जांच की है। यह जानकर आश्चर्य होता है कि आरोपियों में सबसे छोटा बच्चा सिर्फ 12 साल का था! ज्यादातर मामलों में आरोप तय किए गए हैं। यही नहीं, 14 और 16 साल के दो किशोरों को दोषी भी ठहराया गया है। इन बच्चों की यह उम्र खेलने, पढ़ने और नए दोस्त बनाने की थी। इनके मन में कट्टरपंथ का जहर किसने घोला? इन आंकड़ों का अध्ययन करने के बाद इस निष्कर्ष पर पहुंचा जा सकता है कि आतंकवाद की वजह सिर्फ गरीबी नहीं है। यह कई वजहों में से एक वजह हो सकती है। जो किशोर और युवा गरीबी से जूझ रहे हैं, जिन्हें पढ़ाई-लिखाई का माहौल नहीं मिल रहा, उन्हें कट्टरपंथी तत्त्व ज्यादा आसानी से बहला-फुसला सकते हैं, लेकिन वे उन किशोरों व युवाओं को भी गुमराह कर सकते हैं, जो गरीब नहीं हैं, जिन्हें पढ़ाई-लिखाई का माहौल मिल रहा है। ऑस्ट्रेलिया, ब्रिटेन, फ्रांस, जर्मनी जैसे देश अपने नागरिकों को शिक्षा, स्वास्थ्य और गुजर-बसर के लिए खूब सुविधाएं देते हैं। इसके बावजूद वहां कई किशोरों और युवाओं का कट्टरपंथ की राह पर चले जाना बताता है कि समस्या की जड़ कहीं और है। इन देशों को उन उपदेशकों के खिलाफ सख्त कार्रवाई करनी होगी, जो नागरिकों के मन में नफरत का बीज बो रहे हैं। दूसरे समुदायों को कमतर समझना, उनकी आस्था का सम्मान नहीं करना, उनकी संस्कृति की खिल्ली उड़ाना ... जैसे कृत्यों को गंभीरता से लेना होगा। ब्रिटेन ने अस्सी और नब्बे के दशक में पाकिस्तानियों को खूब वीजे बांटे थे। उनमें से कई लोगों ने वहां जाकर नागरिकता ले ली। यह सिलसिला अब भी जारी है। विश्लेषकों का कहना है कि जब तक पाकिस्तानियों को ब्रिटेन का वीजा नहीं मिल जाता, वे खुद को बहुत आधुनिक, उदारवादी, सबकी आस्था का सम्मान करने वाले, मानवाधिकारों के पैरोकार ... के तौर पर पेश करते हैं। एक बार जब उन्हें नागरिकता मिल जाती है तो वे लंदन में भी उसी शासन की मांग करने लगते हैं, जो पाकिस्तान और अफगानिस्तान में है। अगस्त 2021 में जब तालिबान ने अफगानिस्तान की सत्ता पर कब्जा किया था तो ब्रिटेन में कई लोगों ने खुशियां मनाई थीं। हालांकि वे खुद कंधार जाकर रहना पसंद नहीं करते। वे सुविधाएं ब्रिटेन वाली चाहते हैं, लेकिन लंदन को लाहौर या कंधार बनाना चाहते हैं। अगर इन देशों की सरकारों ने समय रहते राष्ट्रवाद और सांस्कृतिक चेतना का रास्ता न अपनाया तो भविष्य में हालात बिगड़ सकते हैं।

## ट्वीटर टॉक



देशभर में कनेक्टिविटी को बेहतर बनाने के लिए हम संकल्पबद्ध हैं। इसी दिशा में हमारी सरकार ने राष्ट्रीय राजधानी क्षेत्र में दिल्ली मेट्रो के चौथे चरण के तहत रिठाला-कुंडली कॉरिडोर को स्वीकृति दी है। इससे दिल्ली-हरियाणा के बीच आना-जाना और आसान होगा।

**-नरेन्द्र मोदी**



महाकुम्भ-2025 की तैयारियों के दृष्टिगत आज प्रयागराज में पुलिस कार्मिकों को संबोधित किया। उत्तर प्रदेश पुलिस ने दुनिया के सबसे बड़े धार्मिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक समागम 'कुम्भ-2019' को पूरी भव्यता एवं दिव्यता के साथ आयोजित कर नए मानक गढ़े थे।

**-योगी आदित्यनाथ**



संसदीय क्षेत्र के प्रवास के दौरान कोटा स्थित कार्यालय में जनसुनवाई कर अधिकारियों को जन-अभावों के निराकरण के निर्देश दिए। निरंतर जनसंवाद से प्राप्त महत्वपूर्ण सुझाव क्षेत्र के सर्वांगीण विकास का आधार बनते हैं।

**-ओम बिरला**

## प्रेरक प्रसंग

# धरती की कहानियां

एक बार पंडित राहुल सांकृत्यायन जी से उनकी घुमक्कड़ी प्रवृत्ति पर किसी जिज्ञासु ने प्रश्न पूछा कि, 'महोदय, इतना भ्रमण, इतनी यात्रा? आप भी किसी सनकी आत्मा से कहीं कम नहीं । मालूम होता है कि आपके पैरों में कोई चक्र है?' 'यह धरती एक रोचक किताब है बंधु। इसके पास अनगिनत कहानियां हैं। जरा, इसे खोलकर पढ़िए। तब आप पायेंगे कि भ्रमण करना एक कला है। कलाकार की नजर से आप जब धरती के किसी कोने को स्पर्श करते हैं तो वह एक प्राणवान प्रतिमा-सी आपके सामने आ जाती है। इस तरह आप धरती की बोली ही नहीं धड़कन भी साफ साफ सुन सकते हैं। बस सुनने योग्य कान होने चाहिए।' राहुल जी का यह जवाब घुमक्कड़ी पसंद करने वालों के लिए एक अनुपम प्रेरणा भी है।

## सामयिक

# बांग्लादेश की धरती पर भारत के खिलाफ साजिशें।

प्रियंका सौरभ
मोबाइल : 7015375570




बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ चल रही हिंसा के खिलाफ वैश्विक स्तर पर चिंता की लहर बढ़ती जा रही है। ब्रिटेन की संसद तक में यह मुद्दा उठ चुका है। अब अमेरिका में भी इसके खिलाफ राष्ट्रपति भवन यानी व्हाइट हाउस के करीब बड़ा प्रदर्शन करने की तैयारी की जा रही है। इसके बावजूद बांग्लादेश में मोहम्मद यूनुस की अंतरिम सरकार कट्टरपंथियों से लेकर चीन-पाकिस्तान तक के दबाव में अपना भारत विरोधी एजेंडा छोड़ने को तैयार नहीं है। अब यूनुस सरकार ने एक और ऐसा क़दम उठाया है, जिससे भारत को बड़ा झटका लगने जा रहा है। यूनुस सरकार ने शेख हसीना के कार्यकाल में भारत के साथ किए गए मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी से जुड़े एक समझौते को रद्द कर दिया है। इस समझौते से भारत अपने नॉर्थईस्ट राज्यों में इंटरनेट की स्पीड और कवरज बढ़ाने की जुगत भिड़ा रहा था, लेकिन अब यह उम्मीद टूट गई है। बांग्लादेश में इस्कॉन मंदिरों पर हमलों के बीच ऐसी खबरें भी सामने आ रही हैं कि पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी आई एस आई बांग्लादेश में मौजूद रोहिंग्या शरणार्थियों में से भारत के खिलाफ आतंकी तैयार करने में जुटी हुई है।

बांग्लादेश में हिंदुओं की एथेनिक क्लींजिंग चल रही है। 53 साल बाद पाकिस्तान बांग्लादेश को हथियार भेज रहा है। खालिदा ज़िया और पाकिस्तानी अधिकारियों के बीच मुलाकातें भी हो रही हैं। बांग्लादेश में वही हो रहा है जो पहले बाबर ने किया फिर कश्मीर में हिंदुओं के साथ हुआ। दरअसल पाकिस्तान बांग्लादेश का इस्तेमाल करते हुए भारत को टारगेट कर रहा है। वह भी 3 तरफ़ से। पाकिस्तान का पहला शिकार बांग्लादेशी हिंदू, जिनपर इतने अत्याचार हो रहे है कि हर परिभाषा छोटी पड़ जाए. दूसरा हिस्सा है बांग्लादेशी फ़ौज को मदद, जिसके जरिए पाकिस्तान भारत के खिलाफ एक और मोर्चा खोलना चाहता है और तीसरा भारतीय सामानों का बहिष्कार...ताकि भारत को आर्थिक चोट पहुँचे।

बांग्लादेश ने कोलकाता (पश्चिम बंगाल) और त्रिपुरा (अगरतला) में अपने शीर्ष राजनयिकों को 'परामर्श' के लिए वापस बुलाया है। वहीं बांग्लादेश के संस्थापक शेख मुजीबुर रहमान की फोटो नोटों से भी हटा दी गई है।

भारत के नॉर्थ-ईस्ट इलाके के कई राज्यों में मोबाइल इंटरनेट कनेक्टिविटी बहुत अच्छी नहीं है। इसी कारण भारत ने बांग्लादेश में शेख हसीना की सरकार के दौरान एक समझौता किया था। इस समझौते के तहत बांग्लादेश का उपयोग रीजनल डिजिटल हब के तौर पर किया जाना था, जिसमें बांग्लादेशी सीमा पर इंटरनेट सर्किट स्थापित कर नॉर्थ ईस्ट राज्यों में डेटा ट्रांसमिशन के लिए 'बैंडविड्थ ट्रांजिट' सुविधा देनी थी। यह काम भारती एयरटेल को बांग्लादेशी कंपनियाँ समीट कम्युनिकेशंस और फाइबर एट होम के साथ मिलकर करना था। यह प्रस्ताव इन कंपनियों ने बांग्लादेश टेलीकम्युनिकेशन रेगुलेटरी कमीशन के सामने पेश किया गया था, जिसे सैद्धांतिक मंजूरी मिल गई थी।

यूनुस सरकार ने अब इस समझौते की सैद्धांतिक मंजूरी ख़त्म कर दी है। इसे रद्द करने का आदेश जारी करते हुए इससे बांग्लादेश को कोई आर्थिक लाभ नहीं होने का तर्क दिया है। हालांकि यह फ़ैसला केवल भारत विरोधी नहीं है। दरअसल इस ट्रांजिट लिंक को तैयार करने के लिए एयरटेल के साथ जुड़ी कंपनी समीट कम्युनिकेशंस के चेयरमैन मोहम्मद फारिद खान का शेख हसीना की अवामी लीग से भी नाता है। वे अवामी लीग के सांसद फरीक खान के छोटे भाई हैं। यह भी यूनुस सरकार के फैसले का कारण माना जा रहा है।

बांग्लादेश में कट्टरपंथियों की भीड़ ने एक बार फिर इस्कॉन मंदिर को निशाना बनाया है। इस्कॉन कोलकाता के उपाध्यक्ष राधारमण दास ने बताया कि ढाका के नमहट्टा स्थित इस्कॉन मंदिर में चरमपंथियों की भीड़ ने हमला किया है। उन्होंने कहा कि नमहट्टा के मंदिर में शुक्रवार-शनिवार की दरम्यानी रात चरमपंथी मुस्लिमों ने हमला करने के बाद सारी मूर्तियों पर तेल छिड़ककर आग लगा दी है। पूरा मंदिर जला दिया गया है। ये मंदिर ढाका जिले के तुराग पुलिस थाने के अंतर्गत धौर गाँव में स्थित है। वैष्णव संप्रदाय से जुड़े लोगों पर हमले बढ़ते जा रहे हैं। इस्कॉन इन घटनाओं की जानकारी लगातार बांग्लादेश की अंतरिम सरकार को दे रहा है, लेकिन पुलिस-प्रशासन इन्हें नहीं रोक रहा है।

बांग्लादेश में हिंदुओं के खिलाफ हो रही हिंसा के खिलाफ अमेरिका में भी चिंता जताई गई है। भारतीय मूल के अमेरिकियों ने इसके खिलाफ वॉशिंगटन में व्हाइट हाउस के करीब और शिकागो में अगले दो दिन के दौरान शांतिपूर्ण प्रदर्शन आयोजित करने का ऐलान किया है। यह प्रोटेस्ट मार्च हिंदू एक्शन संगठन की तरफ़ से व्हाइट हाउस के पास 'बांग्लादेश में हिंदुओं के नरसंहार' नाम से सोमवार को आयोजित होगा, जबकि रविवार को शिकागो में 'नरसंहार रोकें: बांग्लादेश में हिंदुओं की जान बचाएं' के नाम से किया जाएगा। इनमें अमेरिका के नामी-गिरामी भारतीय लीडर मौजूद रहेंगे।

बांग्लादेश की धरती पर कट्टरपंथियों के दबाव में फंसी मुहम्मद यूनुस सरकार ने अब पाकिस्तान को खुलकर मनमानी करने की छूट दे दी है। इससे वहाँ पाकिस्तानी खुफिया एजेंसी एक्टिव हो गई है। एक रिपोर्ट के मुताबिक, बांग्लादेश में पाकिस्तान रोहिंग्या शरणार्थियों को आतंकी बना रहा है। इन रोहिंग्या आतंकियों को भारत में हमले करने के लिए तैयार किया जा रहा है। आज से 53 साल पहले लाखों बांग्लादेशियों ने...पाकिस्तान के क्रूर शासन से आज़ादी के लिए कुर्बानी दी थी। लेकिन वह कुर्बानियाँ अब कब्र में दफ्न कर दी गई हैं...और बांग्लादेशी कट्टरपंथी पाकिस्तान को अपना रहनुमा मानने लगे हैं। बांग्लादेशी चिल्ला-चिल्ला कर पाकिस्तान का नाम तो ले रहे हैं। लेकिन अगर थोड़ा इतिहास पढ़ा होता तो अफगानिस्तान नज़र आता, जहाँ पाकिस्तान ने दखल दी। तालिबान खड़ा किया और अफगानिस्तान को बर्बाद कर दिया। अगर बांग्लादेश अब भी इस साज़िश को नहीं समझ पाया...तो शायद बांग्लादेश को दूसरा अफगानिस्तान कहा जाएगा।

## ज्ञान विज्ञान

# स्पेस स्टेशन में फैली 'जहरीली गंध'

कमांडर सुनीता विलियम्स के नेतृत्व में इंटरनेशनल स्पेस स्टेशन (खड्ड) में मौजूद अंतरिक्ष यात्रियों ने हाल ही में रूसी अंतरिक्ष यान से निकलने वाली एक चिंताजनक 'जहरीली गंध' का पता लगाया। उछ्छ के मुताबिक स्पेसक्राफ्ट, प्रोग्रेस 90, भोजन, ईंधन और अन्य उपकरण के साथ स्पेस स्टेशन पर पहुंचा था। अंतरिक्ष यात्रियों ने जब इसे खोला तो उन्हें एक अजीबोगरीब गंध महसूस हुई और कुछ छोटी बूंदें दिखीं। इसके तुरंत बाद अंतरिक्ष यात्रियों ने तत्परता दिखाते हुए हैच बंद कर दिया और किसी भी जहरीली गैस को हटाने के लिए एयर स्क्रबर्स एक्टिव कर दिया।

नासा के मुताबिक जमीन पर मौजूद उड़ान कंट्रोल ने तेजी दिखाते हुए सामान्य प्रक्रियाओं के रूप में एयर स्क्रबिंग उपकरण एक्टिवेट किया। इससे यह संकेत मिलता है कि स्पेसक्राफ्ट के अंदर सामग्री से गंध की संभावना बढ़ रही थी। खड्ड ने एक्स पर एक पोस्ट में लिखा, 'प्रोग्रेस अंतरिक्ष यान का हैच खोलने के बाद रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने एक अप्रत्याशित गंध महसूस की और छोटी बूंदें देखीं। इससे चालक दल को पॉइस्क हैच को बाकी रूसी खंड से अलग बंद करने को प्रेरित किया।'नासा ने कहा कि खड्ड पर हवा की गुणवत्ता सामान्य है और सुनीता विलियम्स समेत सभी चालक दल की सुरक्षा को लेकर चिंता वाली बात नहीं है। हैच खोलने वाले रूसी अंतरिक्ष यात्रियों ने एहतियात के तौर पर सुरक्षात्मक के उपाय पहने थे। खड्ड के अमेरिकी और रूसी खंडों के बीच हैच बंद कर दिया गया था। ह्यूस्टन में नासा के जॉनसन स्पेस सेंटर में समाचार प्रमुख केली ओ हम्फ्रीज के मुताबिक, 'चालक दल के लिए चिंता की कोई बात नहीं है और रविवार दोपहर तक चालक दल पोइस्क और प्रोग्रेस के बीच हैच खोलने के लिए काम कर रहा था। अंतरिक्ष स्टेशन से जुड़े अन्य संचालन योजना के हिसाब से चल रहे हैं।'




अंतरिक्ष स्टेशन के वर्तमान दल में रूसी स्पेस एजेंसी रोस्कोस्मोस के अलेक्जेंडर गोर्बुनोव, इवान वैगनर और एलेक्सी ओवचिनिन हैं। नासा की तरफ से पेटिट, निक हेग, सुनीता विलियम्स और बुच विल्मोर शामिल हैं। इस बात की जांच हो रही है कि लीक अंतरिक्ष यान के अंदर से हुआ या कहीं और से। प्रोग्रेस के अगले छह महीने तक स्पेस स्टेशन से जुड़े रहने की उम्मीद है। बाद में यह स्पेस स्टेशन का कचरा लेकर धरती की ओर आएगा। वायुमंडल में प्रवेश करते ही यह जल जाएगा।

## नजरिया

# पूरी दुनिया भ्रष्टाचार की गिरफ्त में

बाल मुकुन्द ओझा
मोबाइल : 9414441218




भ्रष्टाचार के खिलाफ दुनिया को एकजुट करने के लिए 9 दिसंबर को अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाया जाता है। संयुक्त राष्ट्र महासभा ने एक प्रस्ताव पारित कर अंतरराष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस मनाए जाने की घोषणा की थी। अंतर्राष्ट्रीय भ्रष्टाचार विरोधी दिवस 2024 की थीम है भ्रष्टाचार के खिलाफ युवाओं के साथ एकजुट होना कल की ईमानदारी को आकार देना। संयुक्त राष्ट्र का कहना है, भ्रष्टाचार का मुक़ाबला करने की ख़ातिर वैश्विक प्रतिबद्धता सुनिश्चित करने के लिए दुनिया भर के देशों को मिलकर काम करने की ज़रूरत है। एक रिपोर्ट के मुताबिक दुनिया भर में रिश्वत की वार्षिक मात्रा एक ट्रिलियन डॉलर आँकी गई है। भ्रष्टाचार के कारण वैश्विक अर्थव्यवस्था को 2.6 ट्रिलियन डॉलर का नुक़सान होता है, जो वैश्विक सकल घरेलू उत्पाद के पाँच प्रतिशत से अधिक है।

संयुक्त राष्ट्र द्वारा लोगों में जन जागरण और चेतना जगाने के लिए अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर अनेक दिवसों का आयोजन किया जाता है। यह जगजाहिर और अकाट्य सत्य है कि दुनियाभर में भ्रष्टाचार की वजह से न केवल आर्थिक विकास पर असर पड़ता है बल्कि लोकतंत्र के प्रति विश्वास को भी ठेस पहुँचती है। विश्व का कोई भी देश भ्रष्टाचार से सुरक्षित नहीं है। भ्रष्टाचार ने पूरी दुनिया को अपनी गिरफ्त में ले रखा है। भ्रष्टाचार आर्थिक विकास में बाधक है, लोकतंत्र के प्रति विश्वास को नुकसान पहुँचाता है और रिश्वत की संस्कृति को बढ़ावा देता है। भ्रष्टाचार से सामाजिक असामानता फैलती है। हर साल ट्रांसपेरेंसी इंटरनेशनल जैसी वैश्विक संस्था अंतर्राष्ट्रीय स्तर पर रैंकिंग भी जारी करता है जिसमें भ्रष्टतम देश शामिल किये जाते है। मगर लाख प्रयासों के बाद भी भ्रष्टाचार पर कोई प्रभावी अंकुश नहीं लगाया जा सका। यह हमारे सिस्टम का फेलियोर है या सत्ताधीशों का, इस पर गहन चिंतन और मनन की जरुरत है। संयुक्त राष्ट्र के मुताबिक भ्रष्टाचार एक गंभीर अपराध है जो सभी समाजों में सामाजिक और आर्थिक विकास को कमजोर करता है। वर्तमान में भ्रष्टाचार से कोई देश, क्षेत्र या समुदाय बचा नहीं है। यह आग की तरह दुनिया के सभी हिस्सों में फैल गया है। इससे लोकतान्त्रिक मूल्यों का क्षरण हो रहा है।भ्रष्टाचार का शाब्दिक अर्थ है भ्रष्ट आचरण यानि जिसका आचार बिगड़ गया हो। स्वार्थ में लिप्त होकर किया गया गलत कार्य भ्रष्टाचार होता है। भ्रष्टाचार के कई रूप हैं- रिश्वत, कमीशन लेना, काला बाजारी, मुनाफाखोरी, मिलावट, कर्तव्य से भागना, चोर-अपराधियों आतंकियों को सहयोग करना आदि आदि। इसका सीधा मतलब है जब कोई व्यक्ति समाज द्वारा स्थापित नैतिकता के आचरण का उल्लंघन करता है तो वह भ्रष्टाचारी कहलाता है। यहां भ्रष्टाचार से हमारा तात्पर्य अनैतिक और गलत तरीके से अर्जित आय से है।

भारत में भ्रष्टाचार ने लगता है संस्थागत रूप धारण कर लिया है। भारत के प्रधान मंत्री नरेंद्र मोदी ने खुलेआम यह कहा है की वे न तो खाएंगे और न खाने देंगे। मोदी अपनी बात पर कायम रहे मगर भ्रष्टाचार पर काबू नहीं पाया जा सका है। दुनिया के भ्रष्टाचार पर नजर रखने वाली संस्था ट्रांसपरेंसी इंटरनेशनल इंडिया के द इंडिया करप्शन सर्वे 2023 के भ्रष्टाचार धारणा सूचकांक में भारत 180 देशों में 93 वें स्थान पर रहा। इससे पहले साल 2022 में भारत की रैंकिंग 85 थी, जो इस साल बढ़कर 93 हो गई है। दुनिया में सबसे भ्रष्ट देश सोमालिया है जबकि सबसे कम भ्रष्ट डेनमार्क है, जो लगातार छठे साल भी ग्लोबल करप्शन इंडेक्स में टॉप परहै। 140 करोड़ की आबादी का आधा भारत आज रिश्वतखोरी के मकड़जाल में फंसा हुआ है। स्थिति यह हो गई है की बिना रिश्वत दिए आप एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते। हमारे देश में भ्रष्टाचार इस हद तक फैल चुका है कि इसने समाज की बुनियाद को हिला कर रख दिया है। जब तक मुट्ठी गर्म न की जाए तब तक कोई काम ही नहीं होता। छ्उढ्ड और लोकल सर्कल इंडिया करप्शन सर्वे रिपोर्ट में यह भी उल्लेख किया गया है कि लोगों को सबसे ज्यादा घूस जमीन से जुड़े मामलों में देनी पड़ रही है। इसके बाद दूसरे सबसे भ्रष्ट महकमों में पुलिस शामिल है। भ्रष्टाचार एक संचारी बीमारी की भांति इतनी तेजी से फैल रहा है कि लोगों को अपना भविष्य अंधकार से भरा नजर आने लगा है और कहीं कोई भ्रष्टाचार मुक्त समाज की उम्मीद नजर नहीं आरही है। मंत्री से लेकर संतरी और नेताओं तक पर भ्रस्टाचार के दलदल में फंसे है। भ्रष्टाचार हमारे सामाजिक, आर्थिक और नैतिक जीवन मूल्यों पर सबसे बड़ा प्रहार है। भ्रष्टाचार को रोकने के लिए कठोर कानून और दंड-व्यवस्था की जानी चाहिए। जब तक समाज एकजुट होकर भ्रष्टाचार पर हमला नहीं करेगा तब तक इस बीमारी को जड़मूल से समाप्त नहीं किया जा सकता।

महत्त्वपूर्ण

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company,6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**, (*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any suchmanner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.**RNI No. 58061/93. Regn No.: RNP/KA/BGS/2050/2015-2017 posted at Bengaluru PSO Mysore Road Bengaluru-560 026**

पाठकों से अनुरोध है कि इस प्रकाशन में प्रकाशित किए जाने वाले किसी भी तरह के विज्ञापन (वैवाहिक, वर्गीकृत, टैंड़र एवं सजावटी इत्यादि) पर कोई भी कार्यवाही, प्रतिबद्धता या धनराशि का व्यय करने से पूर्व इन विज्ञापनों के बारे में समस्त जानकारी वह स्वयं प्राप्त कर लें। दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह उत्पादों की गुणवत्ता तथा सेवाओं के लिए विज्ञापनदाताओं द्वारा किए जा रहे किसी प्रकार के दावों के लिए जिम्मेदार नहीं है। अगर विज्ञापनदाता विज्ञापन में किया जा रहा दावा पूरा नहीं करता है तो दक्षिण भारत राष्ट्रमत समूह के संपादक, मुद्रक एवं प्रकाशक या मालिकान को पाठक किसी भी रूप में उत्तरदाई नहीं बना सकता।- दक्षिण भारत राष्ट्रमत

प्रदर्शन




बांग्लादेश में हिंदुओं पर कथित अत्याचार के खिलाफ रविवार को मुरादाबाद में लोग विरोध प्रदर्शन करते हुए।

# अबू मोहम्मद अल-गोलानी: सीरिया में बशर अल-असद की करीब ढाई दशक की सत्ता का किया अंत

**बेरूत/एपी**

सीरिया के विद्रोही गुट 'हयात तहरीर अल-शाम' समूह (एचटीएस) के प्रमुख अबू मोहम्मद अल-गोलानी ने राष्ट्रपति बशर अल-असद को सत्ता से बेदखल कर दिया। गोलानी ने अपनी सार्वजनिक छवि को फिर से बनाने के लिए कई वर्षों तक काम किया और अलकायदा से दूरी बनाते हुए खुद को बहुलवाद और सहिष्णुता के समर्थक के रूप में पेश किया। हाल के दिनों में, विद्रोहियों ने उसका उपनाम भी हटा दिया और उसे उसके असली नाम अहमद अल-शरा से संदर्भित करना शुरू कर दिया।

सीरिया की राजधानी दमिश्क में विद्रोहियों के घुसने और राष्ट्रपति असद के देश छोड़कर भागने संबंधी दावों के बीच सरकार गिरने के साथ ही असद परिवार के 50 साल के शासन का रविवार तड़के अप्रत्याशित अंत हो गया और लोगों ने सड़कों पर उतरकर इसका जश्न मनाया।

सीरिया में कई जातीय और धार्मिक समुदाय रहते हैं, जो अक्सर असद के शासन और वर्षों के युद्ध के कारण एक दूसरे के खिलाफ खड़े हो जाते हैं। उनमें से कई लोगों को इस बात की आशंका है कि सुन्नी इस्लामी चरमपंथी सत्ता पर कब्जा कर लेंगे। देश अलग-अलग सशस्त्र गुटों में भी बंटा हुआ है और रूस तथा ईरान से लेकर अमेरिका, तुर्किये और इजराइल तक सभी विदेशी ताकतें अपने प्रभाव का इस्तेमाल करती हैं। अल-गोलानी (42) को अमेरिका ने आतंकवादी घोषित किया हुआ है। रविवार को दमिश्क पर हुए हमले के बाद से गोलानी सार्वजनिक रूप से सामने नहीं आया है।

लेकिन वह और उसका विद्रोही संगठन एचटीएस एक प्रमुख भूमिका में नजर आ रहे हैं।

वर्षों तक अल-गोलानी ने सत्ता को मजबूत करने के लिए काम किया। सीरिया के इदलिब प्रांत में उसका वर्चस्व रहा है जबकि देश के ज्यादातर हिस्सों पर असद का ईरान और रूस समर्थित शासन मजबूत दिखाई दे रहा था। पिछले सप्ताह 'सीएनएन' को दिए गए एक साक्षात्कार में उसने कहा था, ''सीरिया को एक संस्थागत शासन प्रणाली की आवश्यकता है, न कि एक शासक द्वारा मनमाने निर्णय लेने की।'' उसने संभावना जताई कि असद के पतन के बाद एचटीएस को भी भंग कर दिया जाएगा।

अल-गोलानी का अलकायदा से संबंध 2003 से था, जब वह इराक में अमेरिकी सैनिकों से लड़ने वाले चरमपंथियों में शामिल हो गया था। सीरियाई मूल निवासी को अमेरिकी सेना ने हिरासत में ले लिया था, लेकिन वह इराक में ही रहा। उस दौरान अबू बक्र अल-बगदादी के नेतृत्व में चरमपंथी इस्लामिक स्टेट ऑफ इराक का गठन किया गया।

वर्ष 2011 में सीरिया में असद के खिलाफ जन-विद्रोह के कारण सरकार ने क्रूर दमनात्मक कार्रवाई की और पूर्ण युद्ध की स्थिति पैदा हो गई। अल-गोलानी तब सुर्खियों में आया जब अल-बगदादी ने उसे नुसरा फ्रंट नामक अलकायदा की एक शाखा बनाने के लिए सीरिया भेजा। वर्ष 2013 में जब सीरिया में गृहयुद्ध तेज हुआ, तो अल-गोलानी की महत्वाकांक्षाएं भी बढ़ गईं। उसने नुसरा फ्रंट को भंग करने और इसे इराक में अल-कायदा के अभियान में विलय करने संबंधी अल-बगदादी के आह्वान को खारिज कर दिया था। वर्ष 2021 में, अल-गोलानी ने पीबीएस पर एक अमेरिकी पत्रकार के साथ अपना पहला साक्षात्कार दिया था। एचटीएस प्रमुख ने कहा था कि उसके समूह से पश्चिमी देशों को कोई खतरा नहीं है और उसके खिलाफ लगाए गए प्रतिबंध अनुचित हैं। उसने कहा था, ''हां, हमने पश्चिमी नीतियों की आलोचना की है। लेकिन सीरिया से अमेरिका या यूरोप के खिलाफ युद्ध छेड़ने की बात सच नहीं है। हमने यह नहीं कहा कि हम लड़ना चाहते हैं।''

महोत्सव




नई दिल्ली में रविवार को छह बार की विश्व चैंपियन मुक्केबाज एम.सी. मैरी कॉम और भारतीय ओलंपियन तरुणदीप राय नई दिल्ली में अष्ट लक्ष्मी महोत्सव में एक पैनल चर्चा में भाग लेते हुए।

# पाकिस्तान : इमरान की रिहाई के लिए सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन शुरू करेगी पीटीआई

**पेशावर/भाषा**

पाकिस्तान के खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ (पीटीआई) पार्टी के तेजतर्रार नेता अली अमीन गांदापुर ने पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान की रिहाई की मांग को लेकर सरकार के खिलाफ और अधिक प्रदर्शन करने की चेतावनी दी है। अली अमीन ने उपमहाद्वीप में एक ऐतिहासिक लड़ाई का जिक्र करते हुए शनिवार को कहा, ''हम पानीपत की लड़ाई की तरह हमले जारी रखेंगे। अगर मांगें पूरी नहीं



हुईं तो हम जीतेंगे।''

उन्होंने खान की रिहाई की मांग को लेकर 24 नवंबर को इस्लामाबाद में पाकिस्तान तहरीक-ए-इंसाफ पार्टी द्वारा किए गए मार्च का जिक्र करते हुए यह बात कही।

अली अमीन ने कहा, ''हमने अभी तक सिर्फ पांच हमले किए हैं और बाकी हमले भी जारी रखेंगे।''

इमरान खान की पार्टी ने अपनी तीन मांगों को लेकर इस्लामाबाद तक मार्च करने की घोषणा की थी। पार्टी जेल में बंद खान और अन्य नेताओं को रिहा करने, आठ फरवरी के चुनाव में पार्टी की जीत को मान्यता देने के अलावा 26वें संविधान संशोधन को निरस्त करने की मांग कर रही है। 26वें संविधान संशोधन ने न्यायाधीशों और मुख्य न्यायाधीश की नियुक्ति की प्रक्रिया को बदल दिया था।

# आक्रामक व्यवहार भारत के लिए शर्मिंदगी की वजह : थरूर

**नयी दिल्ली/भाषा**

अमेरिका ने सत्तारूढ़ भारतीय जनता पार्टी के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि भारत को अस्थिर करने के प्रयासों के पीछे अमेरिकी 'डीप स्टेट' तत्व हैं, जिसके बाद कांग्रेस के वरिष्ठ नेता शशि थरूर ने रविवार को भाजपा पर निशाना साधते हुए कहा कि यह 'आक्रामक व्यवहार' भारत के लिए शर्मिंदगी की बात है।

अमेरिका ने शनिवार को भाजपा के उन आरोपों को खारिज कर दिया कि अमेरिकी विदेश मंत्रालय द्वारा वित्तपोषित संगठन और अमेरिकी 'डीप स्टेट' तत्व प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी और उद्योगपति गौतम अदाणी पर लक्षित हमलों के माध्यम से भारत को अस्थिर करने के प्रयासों के पीछे हैं। ऐसा माना जाता है कि 'डीप स्टेट' सरकार, नौकरशाही, खुफिया एजेंसियों और अन्य सरकारी संस्थाओं के अंदर स्थापित एक अनधिकृत गुप्त नेटवर्क है। अमेरिकी दूतावास के एक प्रवक्ता ने आरोपों को 'निराशाजनक' बताया और कहा कि अमेरिका सरकार दुनिया भर में मीडिया की स्वतंत्रता की पैरोकार रही है।

इससे पहले भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) ने बृहस्पतिवार को आरोप लगाया था कि अमेरिका की सरकारी संस्थाओं में शामिल तत्वों ने भारत की छवि को ''नुकसान'' पहुंचाने के लिए मीडिया पोर्टल ओसीसीआरपी (ऑर्गनाइज्ड क्राइम एंड करप्शन रिपोर्टिंग प्रोजेक्ट) और कांग्रेस नेता राहुल गांधी के साथ मिलीभगत की।

थरूर ने 'एक्स' पर एक पोस्ट में कहा, ''यह स्पष्ट है कि भाजपा को न तो लोकतंत्र की समझ है और न ही कूटनीति की। वे ओछी राजनीति में इतने अंधे हो गए हैं कि वे लोकतंत्र में स्वतंत्र मीडिया और जीवंत स्वतंत्र नागरिक संस्थाओं के मूल्य को भूल गए हैं, और वे प्रमुख देशों के साथ अच्छे संबंध बनाए रखने में सत्तारूढ़ पार्टी की जिम्मेदारियों से अनजान हैं।''

पूर्व विदेश राज्य मंत्री ने कहा, ''यह आक्रामक व्यवहार भारत के लिए शर्मिंदगी की बात है।''

भाजपा ने अदाणी समूह पर हमला करने और सरकार के साथ उसकी निकटता का आरोप लगाने के लिए गांधी द्वारा ओसीसीआरपी की रिपोर्ट का उपयोग किए जाने का हवाला दिया था।



# अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने बॉक्स ऑफिस पर मचाया कोहराम

**मुंबई/एजेन्सी**

दक्षिण भारतीय फिल्मों के सुपरस्टार अल्लू अर्जुन की फिल्म 'पुष्पा 2 द रूल' ने भारतीय बाजार में 265 करोड़ रूपये की शानदार कमाई कर ली है।

सुकुमार के निर्देशन में बनी फिल्म पुष्पा 2 द रूल की स्पेशल स्क्रींनिग 04 दिसंबर को हुयी थी। स्पेशल स्क्रींनिंग में इस फिल्म ने 10.1 करोड़ रूपये की शानदार कमाई की।

'पुष्पा 2: द रूल', 05 दिसंबर को 12 हजार से अधिक स्क्रीन पर रिलीज किया गया। यह फिल्म तेलुगु, हिंदी, तमिल, कन्नड़ और मलयालम भाषा में रिलीज की गयी। रिलीज होते ही फिल्म ने बॉक्स ऑफिस पर कोहराम मचा दिया है।

सैकनिल्क की रिपोर्ट के अनुसार पुष्पा 2 द रूल ने अपने पहले दिन 164.25 करोड़ की कमाई की। फिल्म ने दूसरे दिन तेलुगु में 27.1 करोड़ रूपये, हिंदी में 55 करोड़ रूपये, तमिल में 5.5 करोड़ रूपये, कन्नड़ में 0.6 करोड़ रूपये और मलयालम में 1.9 करोड़ रूपये की कमाई कर ली है। इस तरह यह फिल्म 265 करोड़ की कमाई कर चुकी है।

पुष्पा: द राइज के सीक्वल पुष्पा 2: द रूल में अल्लू अर्जुन पुष्पा राज की भूमिका में और रश्मिका मंदाना श्रीवल्ली की भूमिका में वापस आ गयी हैं। इस फिल्म में फहाद फासिल की भी अहम भूमिका है।इस फिल्म का निर्माण माइथ्री मूवी मेकर्स और सुकुमार राइटिंग्स ने किया है और इसका संगीत टी-सीरीज ने दिया है।

# नोरा फतेही ने 'आए हाए' की शूटिंग के दौरान पंजाबी में की बातचीत

**मुंबई/एजेन्सी**

ग्लोबल सेंसेशन नोरा फतेही का हाल ही में गायक और रैपर करण औजला के साथ म्यूजिक वीडियो 'आए हाए' हर जगह दिल जीत रहा है। रिलीज के बाद से ही इस ट्रैक को प्रशंसकों से अपार प्यार मिला है। नोरा ने अपने सोशल मीडिया पर पर्दे के पीछे की एक रील साझा की, जिसमें प्रशंसकों को सेट पर मौज-मस्ती की झलक दिखाई गई। वीडियो में, नोरा को करण औजला के साथ एक हल्का-फुल्का मस्ती का पल साझा करते हुए देखा जा सकता है, जहां वह पंजाबी में बोलती है, अपना चंचल पक्ष दिखाती है।

दोनों के पंजाबी तालमेल ने बीटीएस क्लिप में एक अनूठा आकर्षण जोड़ा, जिससे प्रशंसकों का मनोरंजन हुआ और वे और अधिक की इच्छा कर रहे हैं। वीडियो को कैप्शन देते हुए नोरा ने लिखा,



क्या यह भी कोई सवाल है..हम तैयार ही पैदा हुए हैं! करण औजला 'आए हाय' 'बीटीएस' अभी हमारा नया म्यूजिक वीडियो देखें!

संगीत वीडियो में, नोरा अपने विशिष्ट आत्मविश्वास और गरिमा से भरी हुई नजर आ रही हैं, जो बेहतरीन बीच लुक को बेहद आसानी से अपनाती हैं। स्टाइलिश बीचवियर में वह गाने के आरामदायक और ग्लैमरस माहौल को पूरी तरह से व्यक्त करती हैं। उनकी आकर्षक डांस मूव्स और ऊर्जा से भरी हुई विज़ुअल्स ने फैंस को स्क्रीन से चिपका दिया है।

'पायल' में यो यो हनी सिंह के साथ अपने पिछले सहयोग की भारी वैश्विक सफलताको ध्यान में रखते हुए, नोरा लगातार अपनी दबदबा कायम कर रही हैं। 'आये हाये' तेजी से एक और फैन पसंदीदा सॉन्ग बन गया है। उन्होंने हाल ही में अंतर्राष्ट्रीय कलाकार सीके के साथ अपने सहयोगी गीत 'इट्स ट्रू' का एक बिहाइंड-द-सीन वीडियो साझा किया, जिसे दर्शकों ने खूब सराहा है।

वीडियो में वह ट्रैक के लिए हिंदी में गाना गाती नजर आईं। उत्साह को बढ़ाते हुए, नोरा एक और प्रमुख संगीत वीडियो के सहयोग के लिए तैयार हो रही है। इस बार वह अंतर्राष्ट्रीय कलाकार जेसन डेरुलो के साथ काम करेंगी, जिससे और भी रोमांचक प्रदर्शन की उम्मीद जताई जा रही है।



अभिनेत्री रश्मिका मंदाना रविवार को मुंबई के हवाई अड्डे पर पहुँची।



# सरगुन मेहता ने लॉन्च किया 'दिल को रफू कर ले' का ट्रेलर

**मुंबई/एजेन्सी**

पावर कपल रवि दुबे और सरगुन मेहता ने अपने नए फैमिली एंटरटेनमेंट प्लेटफॉर्म ड्रीमियाटा ड्रामा के पहले शो 'दिल को रफू कर ले' का बहुप्रतीक्षित ट्रेलर जारी कर दिया है। आयशा खान और करण वी ग्रोवर स्टारर दिल को रफू कर ले प्यार, रिश्तों और शादी की जटिलताओं पर आधारित एक इमोशनल ड्रामा है। कहानी निशान (करण वी ग्रोवर) और निक्की (आयशा खान) की है, जो अपनी-अपनी कमजोरियों के साथ जीवन और प्रेम के सफर में आगे बढ़ रहे हैं। उनके विचार, इच्छाओं और जीवनशैली के अंतर के कारण उनका रिश्ता कठिनाइयों से गुजरता है।

शादी के बंधन का महत्व उन्हें अपने रिश्ते पर फिर से सोचने को मजबूर करता है। ट्रेलर में टूटे दिल, आत्म-खोज और उनके रिश्ते को फिर से जोड़ने की कोशिशों की झलक मिलती है।

ट्रेलर में आयशा खान का किरदार अपने साथी से प्यार की भावुक मांग करता नजर आता है, जो शो के भावनात्मक ड्रामा के तीव्रता को उजागर करता है। वहीं, करण वी ग्रोवर का निशान के रूप में शानदार अभिनय इस कहानी में गहराई और संवेदनशीलता लाता है।'दिल को रफू कर ले' अपनी सजीव कहानी और शानदार परफॉर्मेंस के साथ रोमांस के जॉनर को नया आयाम देने के लिए तैयार है। यह शो प्यार, इंसानी कमजोरियों और शादी की ताकत को खूबसूरती से दर्शाता है। ड्रीमियाटा ड्रामा के अन्य शोज़ में गौहर खान और ईशा मालवीय अभिनीत 'लवली लॉला' भी शामिल है।

# अनन्या पांडे यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर अवार्ड से सम्मानित

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड अभिनेत्री अनन्या पांडे को एनडीटीवी के इंडियन ऑफ द ईयर अवार्ड्स 2024 में यूथ आइकॉन ऑफ द ईयर का अवार्ड दिया गया। इस दौरान अनन्या ने अपनी पर्सनल और प्रोफेशनल लाइफ पर बात की।अनन्या पांडे से पूछा गया कि एक के बाद एक सक्सेस देख उन्हें कैसा लगा तो उन्होंने कहा, यह मेरे लिए सपने के सच होने जैसा है. मैंने इस तरह की फिल्में की जिससे लोग कनेक्ट कर पाएं।मैंने भी खुद को दर्शकों से जुड़ा हुआ महसूस किया।काफी लोगों ने कहा कि उन्हें मेरा काम अच्छा लगा। वहीं अनन्या ने अपनी फेवरेट फिल्म और रोल के बारे में भी बताया।अनन्या ने कहा कि उन्हें करीना कपूर की जब वी मेट बहुत पसंद है और गीत कैरक्टर उन्हें बहुत अच्छा लगता है। अनन्या ने कहा कि सीक्वल में काम करने का मौका मिला तो वे इस फिल्म के सीक्वल में जरूर काम करना चाहेंगी। अनन्या ने बताया कि उन्हें



आशा पारेख को देख कर कैसा महसूस होता है। अनन्या ने कहा, मैं आशा जी की बहुत बड़ी फैन हूं. आज उन्हें मिल पाई, ये मेरे लिए फैन गर्ल मोमेंट है। मेरी नानी आशा जी की बहुत बड़ी फैन थीं. मेरी मम्मी को भी आशा मैम बहुत पसंद थीं।

आशा पारेख ने बताया कि आज के युवा एक्टर्स को स्टारडम कैसे हैंडल करना चाहिए।आशा पारेख ने कहा कि सिंसेरिटी और हार्ड वर्क आपको दूर तक लेकर जाता है, जबकि अनन्या ने यूथ को एडवाइस दिया कि हमेशा काइंडनेस चूज करें।



# शर्मिला टैगोर की फिल्म 'आउटहाउस' का ट्रेलर रिलीज

**मुंबई/एजेन्सी**

बॉलीवुड की दिग्गज अभिनेत्री शर्मिला टैगोर की फिल्म 'आउटहाउस' का ट्रेलर रिलीज हो गया है। शर्मिला टैगोर ने बताया, फिल्म 'आउटहाउस' एक खूबसूरत कहानी के रूप में हमें बताती है कि आपकी उम्र चाहे जो भी हो, जिंदगी हमेशा आपको एक सरप्राइज देने के लिए तैयार रहती है। नील और नाना के साथ आदिमा (शर्मिला के किरदार का नाम ) का सफर हंसी, सीख और ऐसे पलों से भरा है, जिसकी कहानी दर्शकों के दिलों को छू जाएगी। शर्मिला ने बताया,मुझे फिल्म में काम करके बहुत मजा आया।

मैं कुछ ही दिनों में 80 साल की हो जाऊंगी और मुझे खुशी है कि मैंने अपने जीवन के इस पड़ाव पर ऐसी फिल्म करके कुछ शानदार और सार्थक किया। मोहन अगाशे ने कहा, यह एक ऐसी फिल्म है, जिसका आनंद आप परिवार के साथ ले सकते हैं। कहानी खूबसूरती के साथ संबंधों को खोजने पर है। जीवन में एक ऐसा पल भी आता है, जब हमें बदलाव को अपनाने और रिश्तों को संजोने की जरूरत होती है।

फिल्म आउटहाउस' का निर्माण डॉक्टर मोहन अगाशे ने और निर्देशन सुनील सुकथांकर ने किया है। इस फिल्म में शर्मिला टैगोर और मोहन अगाशे लीड रोल में हैं। फिल्म में जिहान होदर, सोनाली कुलकर्णी, नीरज काबी और सुनील अभयंकर भी अहम रोल में हैं।'आउटहाउस' 20 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज होने के लिए तैयार है।

RNI No. 58061/93. Regn No.:
RNP/KA/BGS/2050/2018-2020
Posted at Bengaluru PSO
Mysore Road Bengaluru-560 026.

सीरवी समाज महासभा कर्नाटक ट्रस्ट की बैठक बलेपेट बडेर भवन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के नियम एवं उपनियमों पर विचार विमर्श एवं समाज की जनगणना कराने का निर्णय लिया गया। महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार ने सबका स्वागत किया।




# वेक्टस ने सबसे उन्नत 10-लेयर वाटर स्टोरेज टैंक का अनावरण किया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत के अग्रणी जल भंडारण समाधान प्रदाता वेक्टस ने जल भंडारण प्रौद्योगिकी में क्रांतिकारी प्रगति को चिह्नित करते हुए एक अभूतपूर्व 10-लेयर वाटर स्टोरेज टैंक लॉन्च किया है। अभिनव टैंक असाधारण स्थायित्व, बेजोड़ यूवी प्रतिरोध और नवीनतम जीवाणुरोधी सुरक्षा को जोड़ता है ताकि स्वच्छ, सुरक्षित और लंबे समय तक चलने वाले जल भंडारण के लिए अंतिम समाधान प्रदान किया जा सके। वेक्टस 10-लेयर वाटर स्टोरेज टैंक को दस अलग-अलग परतों के साथ इंजीनियर किया गया है, जिनमें से प्रत्येक टैंक की ताकत, लचीलापन और पानी की गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए एक अद्वितीय उद्देश्य की पूर्ति करता है।

टैंक की भीतरी परत अत्याधुनिक जीवाणुरोधी तकनीक से सुसज्जित है, जो बैक्टीरिया के विकास को रोकती है और संग्रहित पानी की शुद्धता बनाए रखने में मदद करती है। वेक्टस की विशेष रूप से तैयार की गई यूवी-प्रतिरोधी परत के साथ, यह टैंक हानिकारक यूवी किरणों को प्रभावी रूप से रोकता है, क्षरण को रोकता है और यह सुनिश्चित करता है कि पानी ठंडा और उपयोग के लिए सुरक्षित रहे।

लॉन्च पर टिप्पणी करते हुए, वेक्टस के प्रबंध निदेशक अतुल लाधा ने कहा, हमारा 10-परत वाला जल भंडारण टैंक नवाचार और गुणवत्ता में सीमाओं को आगे बढ़ाने के लिए वेक्टस की प्रतिबद्धता का एक सच्चा प्रमाण है। हम समझते हैं कि पानी हमारे सबसे मूल्यवान संसाधनों में से एक है, और इस नए उत्पाद के साथ, हमारा लक्ष्य अपने ग्राहकों को ऐसा समाधान प्रदान करना है जो न केवल पानी को संरक्षित करता है बल्कि उनके स्वास्थ्य और पर्यावरण की भी रक्षा करता है। वेक्टस के प्रबंध निदेशक आशीष बहेती ने कहा कि अपने मूल में नए जमाने की तकनीक के साथ, टेन-एक्स पारंपरिक टैंकों की तुलना में बहुत अधिक टिकाऊ है। खाद्य-ग्रेड प्लास्टिक से लेकर जीवाणुरोधी और यूवी-स्थिर तकनीक तक, हर तत्व को मजबूती, सुरक्षा और स्थिरता के लिए चुना गया है।

दक्षिण भारत राष्ट्रमत



**अन्नदान**

बेंगलूरु के वर्धमान स्थानकवासी नवयुवक मंडल अक्कीपेट के सदस्यों द्वारा अक्कीपेट स्थानक के प्रांगण में लगभग 250 से अधिक जरूरतमंद लोगों को भोजन कराया। सुरेशकुमार, सुनीलकुमार सालेचा के सौजन्य से आयोजित इस मानव सेवा कार्यक्रम में संघ के कोषाध्यक्ष पारसमल श्रीश्रीमाल, कमलेश सालेचा, पंकज विनायकिया, राजेंद्र बाफना, महावीर भंसाली,अरविंद कानुंगा, हनुमान चोपड़ा, आशिक भंसाली, विकास भंसाली, वसंत सिंघवी सहित अन्य सदस्यों ने अन्नदान सेवा में सहयोग किया।

# बांग्लादेश के सलाहकार भारत के साथ संबंधों में गतिरोध के समाधान को लेकर आशावादी

ढाका/भाषा। बांग्लादेश के विदेश मामलों के सलाहकार मोहम्मद तौहीद हुसैन ने रविवार को कहा कि भारत और बांग्लादेश हाल के महीनों में संबंधों में आए गतिरोध को दूर करने में सक्षम होंगे।

हुसैन की टिप्पणी सोमवार को भारतीय विदेश सचिव विक्रम मिस्री की बांग्लादेश यात्रा से पहले आई है। मिस्री अपनी यात्रा के दौरान अगस्त में शेख हसीना के प्रधानमंत्री पद से इस्तीफे के बाद बड़े पैमाने पर हिंदुओं पर हमलों को लेकर भारत की चिंताओं को बांग्लादेश के सामने उठा सकते हैं।

बांग्लादेश में आठ अगस्त को अंतरिम सरकार के सत्ता में आने के बाद से भारत सरकार के किसी वरिष्ठ अधिकारी की बांग्लादेश की यह पहली यात्रा होगी।

हुसैन ने नेशनल प्रेस क्लब में 'सार्क-पीपुल ऑफ साउथ एशिया क्रेव' नामक सेमिनार में कहा, ''हमें उम्मीद है कि हम इस गतिरोध को दूर करने में सक्षम होंगे। इस तरह के किसी भी गतिरोध को दूर करने के लिए आपसी संवाद स्थापित करना और एक-दूसरे से मिलना बहुत महत्वपूर्ण है।''

उन्होंने कहा, ''मुझे उम्मीद है कि उनके (विदेश सचिवों के) बीच सार्थक चर्चा होगी।'' हुसैन ने कहा कि यदि वे किसी समस्या का समाधान करना चाहते हैं तो यह स्वीकार करना जरूरी है कि कोई समस्या है।

हुसैन ने कहा कि यह भी ध्यान रखना महत्वपूर्ण है कि बांग्लादेश और भारत के बीच संबंधों में पांच अगस्त के बाद बदलाव आया है तथा दोनों पक्षों को संबंधों को आगे बढ़ाने और इस बदली हुई वास्तविकता को स्वीकार करने की कोशिश करनी चाहिए। उन्होंने कहा कि पिछले कुछ महीनों में द्विपक्षीय व्यापारिक गतिविधियों के मामले में दोनों देशों में जो गिरावट देखी गई है, उससे दोनों पक्ष प्रभावित हुए हैं।

उन्होंने कोलकाता और पश्चिम बंगाल में व्यापार पर पड़ने वाले प्रभावों का भी उल्लेख किया।

बांग्लादेश के विदेश कार्यालय के प्रवक्ता मोहम्मद रफीकुल आलम ने कहा कि भारत के साथ विदेश कार्यालय परामर्श के दौरान द्विपक्षीय संबंधों के सभी तत्वों को एजेंडे में रखने का प्रयास किया गया। उन्होंने व्यापार, सीमा प्रबंधन, कनेक्टिविटी और जल मुद्दों को चर्चा के प्रमुख क्षेत्र बताया।

अगस्त में बड़े पैमाने पर सरकार विरोधी प्रदर्शनों के चलते हसीना को देश छोड़ने पर मजबूर होना पड़ा था, जिसके बाद दोनों देशों के बीच संबंधों में तनाव पैदा हो गया। हसीना के भारत में शरण लेने के कुछ दिनों बाद ही यूनुस सत्ता में आए थे। हाल के हफ्तों में हिंदुओं पर हमलों और हिंदू संत चिन्मय कृष्ण दास की गिरफ्तारी के बाद संबंध और भी खराब हो गए।

काठमांडू स्थित सार्क पत्रकार फोरम ने रविवार को सेमिनार आयोजित किया। बांग्लादेश की अंतरिम सरकार के मुख्य सलाहकार मुहम्मद यूनुस ने कई मीडिया साक्षात्कारों में दक्षिण एशियाई क्षेत्रीय सहयोग संगठन (सार्क) को आपसी लाभ के लिए एक जीवंत क्षेत्रीय समूह के रूप में पुनर्जीवित करने की इच्छा व्यक्त की।



# सीरवी महासभा की बैठक में समाज के नियमों व उपनियमों पर हुई चर्चा

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलुरु। सीरवी समाज महासभा कर्नाटक ट्रस्ट की बैठक बलेपेट बडेर भवन में संपन्न हुई, जिसमें समाज के नियम एवं उपनियमों पर विचार विमर्श एवं समाज की जनगणना कराने का निर्णय लिया गया। महासभा के अध्यक्ष बाबूलाल परिहार ने सबका स्वागत किया। महासचिव अमरचंद सानपुरा ने समाज की एकता बनाए रखना एवं समाज को नई ऊंचाई पर ले जाने का आह्वान किया। उन्होनें कहा कि समाज में जागरूकता लाने के लिए समाज की जनगणना, समाज को एक प्लेटफार्म पर लाना, और समाज में नियमों और उपनियमों पर चर्चा करना एक महत्वपूर्ण कदम है। जनगणना के लिए साफ्टवेयर कंपनी के तहत आईजी इंफोरेक कंपनी की स्थापना करना एक अच्छा निर्णय है। यह कंपनी जनगणना के लिए आवश्यक सॉफ्टवेयर और तकनीकी सहायता प्रदान करेगी, जिससे जनगणना की प्रक्रिया में सुधार होगा और यह अधिक प्रभावी और कुशल बनेगी। इस अवसर पर महासभा के उपाध्यक्ष थानाराम गहलोत, कैलास बर्फा, सहसचिव सेराराम आगलेचा, कोषाध्यक्ष पोकरराम राठौड़, होसकोटे जोन के प्रभारी ढगलाराम बर्फा, पारसमल काग, हीरालाल चोयल, सन्तोष कुमार सोलंकी, भंवरलाल आगलेचा, नारायणलाल सोलंकी, हनुमानराम बर्फा आदि उपस्थित रहे। संचालन अमरचंद सानपुरा ने किया।



# 'काक्स्टा' के नए कार्यालय का हुआ उदघाटन और डायरी विमोचन

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। स्थानीय कर्नाटक एग्रीकल्चर वॉटर पम्प एंड स्पेयर्स ट्रेडर्स एसोसिएशन(काक्स्टा) का एसपी रोड में नवनिर्मित कार्यालय का उदघाटन किया गया । इस मौके पर मुख्य अतिथि एफ़केसीसीआई के अध्यक्ष एमजी बालाकृष्णा, एफ़केसीसीआई एसोसिएशन कमेटी के चेयरमैन पहाड़सिंह राजपुरोहित आदि ने एसोसिएशन की बिज़नेस डायरेक्टरी का विमोचन किया। संघ के पूर्व अध्यक्ष तखतराज बाफ़ना, प्रकाश सुराणा और कुशलराज जैन ने कार्यालय निर्माण सहयोगियों व कार्यकारिणी बोर्ड का अनावरण किया। सभी अतिथियों का सम्मान किया गया। संघ के अध्यक्ष फ्रेंकी हॉल ने सबका स्वागत किया। संघ के सचिव सुनील सुराणा ने सबको धन्यवाद दिया। कार्यक्रम में संघ के उपाध्यक्ष किरीट पटेल, कुशलराज लुनिया, डायरेक्टरी चेयरमैन सुमत सुराणा सहित संघ के अन्य सदस्यों ने भाग लिया।



# प्रह्लाद जोशी ने 'मखाना महोत्सव' में 'स्वस्थ भारत' के निर्माण का संदेश दिया

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। केंद्रीय उपभोक्ता मामले, खाद्य एवं सार्वजनिक वितरण तथा नवीन एवं नवीकरणीय ऊर्जा मंत्री प्रह्लाद जोशी ने शनिवार को मखाना महोत्सव' को संबोधित किया। उन्होंने इसकी तस्वीरें अपने आधिकारिक एक्स अकाउंट पर साझा करते हुए लिखा- 'मखाना की यात्रा का जश्न मनाएं: खेतों से प्लेट तक!' बता दें कि बिहार की महत्त्वपूर्ण फसल मखाना और अन्य खाद्य उत्पादों के बाजार का विस्तार करने के लिए बिहार सरकार द्वारा बेंगलूरु में 'मखाना महोत्सव' का आयोजन किया गया।

केंद्रीय मंत्री जोशी ने इस बात पर प्रकाश डाला कि कैसे सुपरफूड मखाना 'स्वस्थ भारत' के दृष्टिकोण को मजबूत करने में महत्त्वपूर्ण भूमिका निभा सकता है। उन्होंने मखाना के उत्पादन में सुधार और मूल्य संवर्धन के लिए मोदी सरकार की प्रतिबद्धता को दोहराया। कार्यक्रम में बिहार के स्वास्थ्य एवं कृषि मंत्री मंगल पांडेय, वरिष्ठ अधिकारी, गणमान्य जन और आम लोग मौजूद रहे।






मोरीगांव में रविवार को 'रन फॉर द राइनो' में प्रतिभागी असम के मोरीगांव जिले के पोबितोरा में अन्वयिन द्वारा आयोजित किया गया।

# निशुल्क स्वास्थ्य जांच शिविर के दूसरे दिन 100 लोगों ने कराई स्वास्थ्य जांच

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। भारत के प्रथम राष्ट्रपति डॉ राजेंद्रप्रसाद की 140वीं जयंती के अवसर पर सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन, राजेंद्र बाबू मेमोरियल ट्रस्ट, सिद्धार्थ सांस्कृतिक परिषद ने निशुल्क मेगा स्वास्थ्य जांच शिविर का आयोजन बिहार भवन में किया गया जिसमें दूसरे दिन रविवार को फाउंडेशन की ब्रांड एंबेसडर यूथ आइकॉन योर स्टोरी की संस्थापक श्रद्धा शर्मा मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित थीं।

श्रद्धा शर्मा ने स्वास्थ्य जांच शिविर के महत्व पर बात की और ध्यान के महत्व और योग के 4 प्रकार राज, भक्ति, कर्म और ज्ञान के बारे में बताया । उन्होंने सेवा ब्रिगेड फाउंडेशन की निस्वार्थ सेवा की सराहना की जो कर्म योग है। आयोजकों ने अतिथि का सम्मान किया। दूसरे दिन स्वास्थ्य जांच शिविर में 100 लोगों ने विभिन्न जांच कराई। इस मौके पर फाउंडेशन, समिति व अन्य सहयोगी संस्था के सदस्य उपस्थित थे।



# खेल भावना से खेला गया खेल भाईचारे को बढ़ावा देता है : महेन्द्र मुणोत

दक्षिण भारत राष्ट्रमत
dakshinbharat.com

बेंगलूरु। शहर के बसवेश्वर नगर स्थित फ्लोरेंस खेल मैदान में फ्रेंड्स क्रिएशन्स संस्था की ओर से क्रिकेट खेल प्रतियोगिता का आयोजन किया गया जिसमें मुख्य अतिथि के रूप में मारुति मेडिकल के महेन्द्र मुणोत शामिल हुए। महेंद्र मुणोत ने खिलाड़ियों का उत्साहवर्धन करते हुए कहा कि जो फिट है वह जीवन के हर क्षेत्र में हिट है।

फिट रहने के लिए खेल और व्यायाम जरूरी है। खेल व्यक्ति के जीवन का अभिन्न अंग है। खेल खेलने से शारीरिक व मानसिक संतुलन बना रहा है साथ ही व्यक्ति का विकास होता है। उन्होंने सभी युवाओं को कहा कि खेल हमेशा खेल भावना के साथ खेलना चाहिए। खेल प्रतियोगिताओं में भाग लेना मुख्य होता है। जब कोई दो टीम खेल खेलती है तो हार और जीत तो होगी है परन्तु खेल भावना से खेला गया खेल भाईचारे को बढ़ावा देता है। आयोजकों ने मुणोत का सम्मान किया।

डिजिटल रूप में भी पढ़ें दक्षिण भारत हिन्दी दैनिक www.dakshinbharat.com

# चीन ने ताइवान के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान एवं चार गुब्बारे भेजे : ताइवान

ताइपे/एपी। चीन ने ताइवान पर अपने दावों को लेकर दबाव बनाने की रणनीति के तहत द्वीप के निकट 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे भेजे। ताइवान के रक्षा मंत्रालय ने यह जानकारी दी। चीन ने ऐसे समय में ये सैन्य गतिविधियां की हैं जब ऐसी अटकलें लगाई जा रही थीं कि ताइवान के राष्ट्रपति लाई चिंग-ते की अमेरिका समेत प्रशांत क्षेत्र के सहयोगी देशों की हालिया यात्रा के जवाब में बीजिंग द्वीप के आसपास सैन्य अभ्यास कर सकता है। चीन दो करोड़ 30 लाख लोगों की आबादी वाले स्वशासित ताइवान को अपना क्षेत्र मानता है और ताइवान के साथ अन्य देशों के औपचारिक संबंधों पर आपत्ति जताता है। अमेरिका समेत अधिकतर देश ताइवान को एक देश के रूप में मान्यता नहीं देते लेकिन अमेरिका अनौपचारिक तौर पर ताइवान का प्रमुख समर्थक है और इसे हथियार बेचता है।

चीन सरकार ने आवश्यकता पड़ने पर सैन्य बल के माध्यम से ताइवान पर कब्जा करने का संकल्प लिया है तथा वह लगभग हर रोज द्वीप के निकट अपने पोत और सैन्य विमान भेजता है। ताइवान के रक्षा मंत्रालय के अनुसार, शनिवार सुबह छह बजे से रविवार सुबह छह बजे के बीच 24 घंटे में 14 युद्धपोत, सात सैन्य विमान और चार गुब्बारे देखे गए।



केंद्रीय रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव रविवार को प्रयागराज में झूसी रेलवे स्टेशन पर सुविधाओं का निरीक्षण करते हुए।

Printed& Published by Devendra Sharma on behalf of owners M/s. New Media Company, 6/4 , Ist floor, Cantonment station road, Bengaluru-51 and printed at Dinasudar Printing Division, 116, Queens Road, Bengaluru-560052. **Editor-Shreekant Parashar**,
(*Responsible for selection of news under PRB Act.) Reproduction of any matter from this newspaper in whole or in part or any such manner without prior written permission from the publisher is strictly prohibited and punishable by law.
HEAD OFFICE : DAKSHIN BHARAT RASHTRAMAT, New Media Company, 6/4, Cantonment Station Road, Bangalore 560051. Editorial : 080-25363030 / 9945488003. For Advertisement : 9945488002 - email : news@dakshinbharat.com